वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2018-19

वार्षिक प्रतिवेदन

2018-19

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय

अनुक्रमणिका

पृष्ठ

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय : एक परिचय	3
संस्थागत ढाँचा और 2018–2019 के दौरान बैठकें	4
विद्यालय के प्राधिकारी	5
निदेशक एवं शिक्षण संकाय	6
राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में प्रशिक्षण	7
तकनीकी विभाग	10
पुस्तकालय	12
वर्ष 2018–19 की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ	14
अन्य गतिविधियाँ	19
वर्ष 2018–19 के दौरान शैक्षिक गतिविधियाँ	21
छात्र प्रस्तुतियां	30
सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (सीईपी)	39
रंगमंडल	41
संस्कार रंग टोली (टीआई ई कं.)	45
विस्तार कार्यक्रम	48
राजभाषा विभाग	50
प्रकाशन कार्यक्रम	51
रा.ना.वि. बेंगलुरू केंद्र	52
सिक्किम रंगमंच प्रशिक्षण केंद्र, गंगटोक	56
थिएटर-इन-एजुकेशन स्कंध, त्रिपुरा	59
रानावि का वाराणसी केंद्र, वाराणसी	64
रा.ना.वि. संसाधनों की स्थिति : एक नज़र में	70
नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट	75
वर्ष 2018–19 के लिए वित्तीय रिपोर्ट	80

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय

विश्व की अग्रणी नाट्य प्रशिक्षण संस्थाओं में से एक, और भारत में अपनी ही तरह के एकमात्र संस्थान, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की स्थापना 1959 में संगीत नाटक अकादेमी द्वारा की गई थी। बाद में वर्ष 1975 में ये एक स्वायत्त संस्था बनी जो कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा पूर्णत: वित्त पोषित थी। रानावि का उद्देश्य नाटक के सभी क्षेत्रों में स्नातक एवं स्नाताकेतर स्तर पर शिक्षण के उपयुक्त तरीक़े विकसित करना है जिससे कि भारत में रंगमंच शिक्षा के उच्च स्तर स्थापित किए जा सकें। रानावि दिल्ली द्वारा स्नातक के उपरांत तीन वर्षीय रंगमंच प्रशिक्षण दिया जाता है। बाह्य पहुँच कार्यक्रम के अंतर्गत रानावि द्वारा नाट्य कलाओं में शिक्षण एवं प्रशिक्षण के तीन केन्द्र, अगरतला, बेंगलुरु एवं गंगटोक में खोले गए हैं।

विद्यालय का एक प्रस्तुति स्कंध है- रंगमंडल, जिसकी स्थापना वर्ष 1964 में व्यावसायिक रंगमंच एवं नियमित प्रायोगिक कार्य के लिए की गई है। रानावि के प्रस्तुति स्कंध थिएटर-इन-एजुकेशन कंपनी (जिसका नाम अब संस्कार रंग टोली है) द्वारा बाल रंगमंच को प्रोत्साहित किया जाता है। इसकी स्थापना वर्ष 1989 में की गई और यह स्कंध बच्चों के लिए नाटक तैयार करने, दिल्ली के विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशालाओं का आयोजन करने और बच्चों को शनिवार/रविवार (संडे क्लब) द्वारा भी प्रोत्साहित करने में सक्रिय रूप से शामिल है। वर्ष 1998 से फ़रवरी माह के दौरान विद्यालय द्वारा भारत के अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच समारोह का आयोजन किया जाता है जिसमें देश एवं विदेश से रंगमंच समूहों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों का प्रदर्शन बड़े पैमाने पर आम जन समूह के लिए किया जाता है।

वर्ष 1978 में एक लघु आवधिक शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई जिसका नाम 'विस्तार कार्यक्रम' रखा गया, जिसके अंतर्गत विद्यालय द्वारा स्थानीय रंगमंच समूहों/कलाकारों के साथ मिलकर देश के विभिन्न भागों के रंगमंच इच्छुकों के लाभ के लिए रंगमंच के विभिन्न पहलुओं पर कार्यशालाएं आयोजित की जाती है। ये कार्यशालाएं 15-90 दिनों तक की होती हैं और ये सर्वदा उस स्थान की स्थानीय भाषा में ही होती हैं। कार्यशालाओं को मुख्य रूप से तीन वर्गों में विभाजित किया जा सकता है- प्रस्तुतिपरक कार्यशाला, प्रस्तुतिपरक बाल कार्यशालाएं और रंगमंच में शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम। विद्यालय द्वारा रंगमंच पर पाठ्य पुस्तकें भी प्रकाशित की जाती हैं और रंगमंच पर महत्वपूर्ण पुस्तकों के अंग्रेज़ी से हिन्दी अनुवाद की भी व्यवस्था की जाती है।

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र जैसे उत्तर-पूर्व के 8 राज्यों में रंगमंच के विकास के लिए रानावि विभिन्न रंगमंच कार्यशालाओं, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के रंगमंच निर्देशकों द्वारा तैयार किए गए नाटकों के रंगमंच समारोह का आयोजन करता है जिसमें उनके नाटकों को उत्तर-पूर्व क्षेत्र से बाहर, देश के अन्य भागों में प्रस्तुत किया जाता है।

भारत सरकार की एक नई योजना ट्राइबल सब-प्लान के अंतर्गत, रानावि द्वारा देश की जनजातियों को प्रोत्साहित एवं उनके विभिन्न कलारूपों को संग्रहित करने के लिए समारोह किए जाते हैं जिनमें विभिन्न जनजातीय प्रधान स्थानों पर जनजातीय समारोह जैसे आदिरंग महोत्सव - नृत्य, संगीत, रंगमंच एवं शिल्प के राष्ट्रीय जनजातीय समारोह का आयोजन किया जाता है।

संस्कृति मंत्रालय के सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत, रानावि अपनी प्रस्तुतियों/छात्रों/संकायों के साथ सम्मेलनों/उत्सवों में प्रतिभागिता करने के लिए विदेशों में जाता है, जहाँ इन्हें प्रदर्शित किया जाता है और इसी प्रकार विदेशी रंगमंच विद्यालयों के प्रतिनिधिमंडलों/प्रस्तुतियों को रानावि, भारत में आमंत्रित किया जाता है।

संस्थागत ढाँचा
एवं
वर्ष 2018-19 की बैठकें-रा.ना.वि. सोसायटी, शैक्षिक परिषद् व वित्त समिति

रा.ना.वि. सोसायटी	शैक्षिक परिषद्	वित्त समिति
प्रभारी अध्यक्ष एवं सह-अध्यक्ष अर्जुन देव चारण (नाटककार) **वित्तीय सलाहकार व** **अतिरिक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय** बिपिन बिहारी मल्लिक (28/6/2018) अली आर. रिज़वी (16/8/2018) धर्मेन्द्र सिंह गंगवार (29.10.2018 से 22.02.2019) **संस्कृति मंत्रालय के प्रतिनिधि** ***संयुक्त सचिव*** निरूपमा कोटू (28 जून, 2018 से) **सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रतिनिधि** ***संयुक्त सचिव*** अशोक कुमार आर. परमार **निदेशक, एफ.टी.आई.आई., पुणे** भूपेन्द्र कैंथोला **रंगमंच विशेषज्ञ** ***(दो रंगमंच विशेषज्ञ, एक संगीत नाटक अकादेमी के कार्यकारी बोर्ड द्वारा नामित और दूसरे विशेषज्ञ रा.ना.वि. के शैक्षिक परिषद् द्वारा दिए गए नामों के पैनल में से रा.ना.वि. सोसायटी द्वारा नामित)*** रुद्रप्रसाद सेनगुप्ता (संगीत नाटक अकादेमी द्वारा नामित) **संस्कृति के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्ति** ***(अध्यक्ष, रानावि सोसायटी एवं निदेशक, रानावि के परामर्श से भारत सरकार द्वारा नामित)*** कमलेश दत्त त्रिपाठी बिमल कुमार लाठ **रा.ना.वि. संकाय की प्रतिनिधि** हेमा सिंह एसोसिएट प्रोफ़ेसर (अभिनय) (29.10.2018 तक) अब्दुल लतीफ खटाना एसोसिएट प्रोफेसर (अभिनय) एवं प्रमुख, टाई कंपनी (30.01.2019 से अब तक) **रा.ना.वि. स्नातक** उत्तरा बावकर **सदस्य-सचिव** ***निदेशक, रा.ना.वि.*** वामन केन्द्रे (26.09.2018 से अब तक) **निदेशक प्रभारी** सुरेश शर्मा (26.09.2018 से अब तक)	**अध्यक्ष** वामन केन्द्रे, निदेशक, रानावि (26.09.2018 तक) **निदेशक प्रभारी** सुरेश शर्मा (26.09.2018 से अब तक) **सदस्य** सत्यब्रत राउत बाहरूल इस्लाम शफ़ात ख़ान नवदीप कौर योगेन्द्र चौबे हेमा सिंह दिनेश खन्ना महेश चंपकलाल अमरजीत शर्मा **छात्र प्रतिनिधि** अविजित सोलंकी (28.05.2018 तक) श्रुति (27.01.2019 से अब तक) **शैक्षिक परिषद्** 27.01.2019 11.03.2019	**अध्यक्ष** बिपिन बिहारी मल्लिक (28.06.2018) अली आर. रिज़वी (16.08.2018) धर्मेन्द्र सिंह गंगवार (29.10.2018 से 22.02.2019) ***(वित्तीय सलाहकार व अतिरिक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय)*** **सदस्य** के. डी. त्रिपाठी अर्जुन देव चारण निरूपमा कोटू **निदेशक, रा.ना.वि.** वामन केन्द्रे निदेशक, रानावि (26.09.2018 तक) सुरेश शर्मा (26.09.2018 से अब तक) **वित्त समिति** 25.06.2018

बैठकें रा.ना.वि. समिति
28.06.2018
16.08.2018
29.10.2018
30.01.2019
22.02.2019

विद्यालय के प्राधिकारी एवं अधिकारी

अर्जुन देव चारण
उपाध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष

वामन केन्द्रे
निदेशक
(26.09.2018 तक)

सुरेश शर्मा
रंगमंडल प्रमुख एवं प्रभारी निदेशक का अतिरिक्त प्रभार
(26.09.2018 से अब तक)

प्रदीप कुमार मोहन्ती
रजिस्ट्रार

सुरेश शर्मा प्रमुख, रंगमंडल	**अब्दुल लतीफ खटाना** कलाकार प्रभारी, संस्कार रंग टोली	**ओ. पी. सागर** उप रजिस्ट्रार

विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष

शांतनु बोस
संकायाध्यक्ष (शैक्षिक मामले)

अनिल श्रीवास्तव
पुस्तकालयाध्यक्ष

पराग सर्माह
प्रस्तुति प्रबंधक

चेतना वशिष्ठ
सहायक निदेशक (राजभाषा) (तदर्थ)

एस. मनोहरन
ध्वनि तकनीशियन

दीपक कुमार
फोटोग्राफर

गोविन्द यादव
मंच प्रबंधक

सी. डी. तिवारी
लेखाधिकारी

मनोज रमेला
व्यवसाय प्रबंधक

नवीन बिष्ट
सहायक रजिस्ट्रार (प्रशा.)

ए. के. बरूआ (दिसंबर, 2018 तक)
सम्पदा प्रबंधक

मनीष यादव (जनवरी, 2019 से)
सहायक रजिस्ट्रार (लेखा.)

बी. एस. रावत
सहायक रजिस्ट्रार (तदर्थ) रंगमंडल कंपनी
(20 मार्च से अब तक)

यूजिन तिर्की
सहायक रजिस्ट्रार (तदर्थ) टी.आई.ई. कंपनी
(20 मार्च से अब तक)

निदेशक एवं अन्य शिक्षण संकाय

निदेशक
वामन केन्द्रे
(26.09.2018 तक)

प्रभारी निदेशक
सुरेश शर्मा
(26.09.2018 से अब तक)

प्रोफ़ेसर

त्रिपुरारि शर्मा	अभिनय (जुलाई, 2018 तक)
अशोक सागर भगत*	रंगमंच स्थापत्य

एसोसिएट प्रोफ़ेसर

अशोक सागर भगत	रंगमंच स्थापत्य
हेमा सिंह	अभिनय
अब्दुल लतीफ ख़टाना	अभिनय
दिनेश खन्ना	अभिनय
अमरजीत शर्मा	मंच टैक्नोलॉजी
अभिलाष पिल्लई	अभिनय
शांतनु बोस	विश्व नाटक

सहायक प्रोफ़ेसर

अमितेश ग्रोवर	विस्तार कार्यक्रम
मो. अरुण मलिक	मंच शिल्प
मो. अब्दुल कादिर शाह	गति संचालन (दिसंबर, 2018 से अब तक)
श्री दीपांकर पॉल	प्रकाश (दिसंबर, 2018 से अब तक)

कृपया देखें संकाय सदस्य के नाम पर * है वे प्रोफ़ेसर पद पर तदर्थ आधार पर नियुक्त हैं।

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में प्रशिक्षण

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नाट्य कला में तीन वर्षीय पूर्णकालिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाता है।

लक्ष्य

पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रंगमंच अभ्यास के लिए तैयार करना है। इसके लिए विभिन्न प्रकार की व्यावहारिक निपुणताओं को विकसित करना और ज्ञान के भंडार को अर्जित करना होता है। जैसा कि अध्ययन के सभी क्षेत्रों का अलग-अलग मूल्यांकन किया जाता है, और प्रत्येक क्षेत्र में उच्च स्तरीय कार्य की अपेक्षा की जाती है, पाठ्यक्रम का सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्देश्य सृजनात्मक कल्पना की अमूर्त धारणा को विकसित करना और एक ग्रुप की सामूहिक संरचना में उसे अभिव्यक्त करना है।

अध्ययन के विषय

आधुनिक भारतीय नाटक

- 19वीं शताब्दी के मध्यकाल से समकालीन रंग परिदृश्य पर बल देते हुए आधुनिक भारतीय रंगमंच का विकास
- क्षेत्रीय भाषा रंगमंच : सिद्धांत और अभ्यास

प्राचीन भारतीय नाटक और सौन्दर्यशास्त्र

- भारतीय सौन्दर्यशास्त्र का ज्ञान, संस्कृत नाटक का इतिहास, चुने हुए संस्कृत नाटकों का विस्तृत विश्लेषण और नाटकीय संरचना में नाट्यशास्त्र की व्याख्या, प्राचीन काल में इसकी प्रस्तुति और इसके दर्शक और समकालीन रंगमंच में इसका महत्व।

विश्व नाटक

- रंगमंच के मुख्य समालोचनात्मक सिद्धांतों का अध्ययन और इतिहास के विभिन्न कालों से लिए गए लिखित और प्रस्तुति-पाठ पर इनका अनुप्रयोग। एशियन, अफ्रीकन, अमेरिकन और ऑस्ट्रेलियन रंगमंच का मुख्य फोकस यूरोपियन रंगमंच के साथ परस्पर संदर्भ पर है।

वाणी और संभाषण

- श्वास नियंत्रण, स्पष्टता और श्रव्यता प्राप्त करने के लिए संभाषण का अभ्यास। इसका उद्देश्य मंच के लिए वाणी और संभाषण में आलाप और इसके प्रसार में प्रभाव पैदा करना है, जिससे छात्र, प्रस्तुति के दौरान भिन्न-भिन्न पात्रों की आसानी से भूमिका निभा सकें।

योग

- आसनों, क्रियाओं और प्राणायाम के अभ्यास द्वारा योग का उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य, सतर्कता, शालीनता, एकाग्रता बढ़ाना और वाणी और श्वास की क्षमताओं का संपूर्ण उपयोग करना है।

गति संचालन

- सिद्धांत, व्यवहार और उनके मार्गदर्शन में आधुनिक गति संचालन की प्रवृतियाँ।
- **शिल्प शास्त्र** और **नाट्य शास्त्र** के सिद्धांतों का अध्ययन।

- मस्तिष्क और शारीरिक भाव भंगिमाओं जैसे संकेतों, भंगिमाओं और गति संचालन के माध्यम से मानवीय अनुभव और गतिविधियों की अभिव्यक्ति।
- व्यक्तियों, वस्तुओं और नाटकीय सामग्री की अभिव्यक्ति और शारीरिक भाव भंगिमाओं द्वारा अभिनय (भारतीय पारंपरिक अभिनय सिद्धांत)

रंग संगीत

- इसका उद्देश्य विभिन्न ध्वनियों और लयात्मक पद्धतियों की जानकारी के माध्यम से छात्रों की सांगीतिक संवेदनशीलता में अभिवृद्धि और इसे नाटक के सिद्धांतों और अपने परिवेश के अनुसार विकसित करना है।
- रंगमंच के विशिष्ट प्रयोगों पर आधारित सौंदर्य शास्त्रीय शैली में और 'समग्र रंगमंच' की अवधारणा में मंच संगीत के भावों को आत्मसात कराना।

अभिनय और तात्कालिक प्रदर्शन

- कलाकारों के अंगाभिनय और वाणी को आकार देकर, उनकी संवेदनाओं और कल्पनाओं को तराशकर और उनके भावनात्मक स्रोतों को संजोकर वैयक्तिक प्रतिभा को बाहर लाना, उसे ढालना और परिष्कृत करना।
- परिवेश और अनुभव के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अभिनय में तकनीक और कौशल को ठोस आधार प्रदान करना।
- अभिनय के प्रमुख संहिताबद्ध सिद्धांतों और पद्धतियों को छात्रों के लिए उपलब्ध कराना।

रंग स्थापत्य

- दक्षिण पूर्व एशिया, चीन और जापान के नाट्यशास्त्र में रंगमंच के विभिन्न रूपों पर विशेष बल और पूर्व के रंगमंच का विकास।
- पूर्व के समसामयिक रंग-स्थापत्य और मंच परिकल्पना, विशेषकर भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप यायावर और सिथर मुक्ताकाश रंगमंच और अन्य स्थापत्य परंपराएं।
- पश्चिम में यूनानी युग से लेकर आधुनिक काल तक रंगमंच के रूपों और मंच परिकल्पनाओं का उद्‌भव।

दृश्य परिकल्पना और मंच शिल्प विज्ञान

- अभिकल्पना के संबंध में अवधारणाएं और दर्शन।
- मंच अभिकल्पकों के विचार तथा उनकी पद्धतियां।
- मंच निर्माण तथा मंच तकनीक।
- मंच-परिकल्पना तथा मॉडल निर्माण के मूल आधार।

वेशभूषा परिकल्पना

- वेशभूषा, उसकी अर्थवत्ता और शैली का इतिहास।

मंच प्रकाश

- प्रकाश व्यवस्था के उद्देश्य।
- प्रकाश योजना।

- प्रकाश उपकरण।
- विद्युत और स्विच बोर्ड नियंत्रण के लिए बुनियादी अध्ययन।

प्रस्तुति प्रक्रिया

- रंगमंच की भाषा को विकसित करने के लिए तकनीक और संवेदनशीलता।
- संगीत, मंच सामग्री, मंच और प्रकाश व्यवस्था को शामिल करते हुए इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर अपनी कल्पना को विकसित करना।
- नाटकों की संरचना को समझना और इसे विकसित करना।

मूल्यांकन पाठ्यक्रम और कार्यशालाएं

- उक्त पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त विद्यालय, छात्रों के लिए भारतीय कला एवं संस्कृति, समाज विज्ञान, दर्शनशास्त्र एवं इतिहास के विभिन्न पक्षों पर मूल्यांकन पाठ्यक्रम और कार्यशालाओं के सत्र आयोजित करता है।

तकनीकी विभाग

छायाचित्र एवं प्रलेखन एकक

अधिकांश छात्र प्रस्तुतियों और रंगमंडल प्रस्तुतियों की वीडियो फ़िल्में और फोटोग्राफ अभिलेख के लिए संग्रहित और सुव्यवस्थित ढंग से संरक्षित किए जाते हैं। छात्रों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यशालाओं की कार्यवाहियों की भी वीडियो फ़िल्में और फोटोग्राफ तैयार किए जाते हैं जिससे कि आगामी कार्यक्रमों में उनका उपयोग किया जा सके।

विद्यालय ने अपने छायाचित्र और प्रलेखन अनुभाग के लिए कुछ अत्याधुनिक स्टिल कैमरे और वीडियो सिस्टम लिए हैं। ये कैमरे, रिकॉर्डिंग उपकरण, सम्पादन पैनल, डिस्प्ले टर्मिनल और अन्य परिष्कृत उपकरणों से सुसज्जित हैं।

प्रकाश स्टूडियो

प्रशिक्षण के लिए एक सुसज्जित प्रकाश स्टूडियो विशेष रूप से तैयार किया गया है।

काष्ठकारी कार्यशाला

पिछले वर्षों में विभिन्न प्रकार के मंच निर्माण और मंच सामग्री के लिए एक विस्तृत प्रणाली स्थापित की गयी है। इस एकक के पास मंच निर्माण की जानकारी से युक्त कुशल कर्मचारी हैं जो कि रंगमंच प्रशिक्षण की प्रणाली में दुर्लभ मिलते हैं।

वेशभूषा विभाग

इस एकक में पिछले 50 वर्षों के दौरान विद्यालय के छात्रों, रंगमंडल, संस्कार रंग टोली द्वारा प्रस्तुत सभी नाटकों की वेशभूषाओं और मंच सामग्री को संरक्षित रखा गया है। प्रत्येक शैक्षिक वर्ष में विद्यालय की इन वेशभूषाओं और सामग्री के संग्रह में निरंतर वृद्धि होती रहती है।

प्रोपर्टी विभाग

इस एकक में पिछले 50 वर्षों के दौरान विद्यालय के छात्रों, रंगमंडल, संस्कार रंग टोली द्वारा प्रस्तुत सभी नाटकों की मंच सामग्री को संरक्षित रखा गया है। प्रत्येक शैक्षिक वर्ष में विद्यालय की इन मंच सामग्री के संग्रह में निरंतर वृद्धि होती रहती है।

ध्वनि स्टूडियो

संगीत, व्याख्यानों और प्रस्तुतियों की रिकॉर्डिंग के लिए उपकरणों से सुसज्जित ध्वनि स्टूडियो हैं जिसमें रिकार्डर, मिक्सर, फुलट्रैक टेप रिकार्डर, माइक्रोफोन और स्पीकर हैं, जो अनुभवी तकनीकी स्टाफ द्वारा चलाये जाते हैं। स्टूडियो में उपलब्ध इन सुविधाओं का लाभ विद्यालय के छात्र, रंगमंडल और संस्कार रंग टोली उठाती है।

पुस्तकालय

पुस्तकालय

संकलन

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का पुस्तकालय, रंगमंच और नाटक के क्षेत्र में एक विशिष्ट पुस्तकालय है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के पुस्तकालय में रंगमंच और नाटकों पर दिल्ली के बाज़ार में जो भी पुस्तकें उपलब्ध हैं उन्हें संग्रहित किया गया है। पुस्तकालय में दिल्ली के बाहर के और विश्व के सभी भागों से नाटकों और समालोचनाओं को सुरक्षित रखने का प्रयास भी किया जाता है। इसमें मुख्य रूप से नाटकों व इससे संबंधित क्षेत्रों की सामग्री को संग्रहीत किया जाता है। इनके अंतर्गत शामिल विषय निम्न हैं :-

नाट्य कला के विषय :

1. सभी आधुनिक भारतीय भाषाओं, संस्कृत और अंग्रेज़ी में नाटक
2. नाटकों और नाटककारों पर समालोचनाएं
3. भारत और विश्व में रंगमंच का इतिहास और समालोचना

तकनीकी संग्रह :

1. नाट्य निर्देशन (प्रस्तुति)
2. अभिनय, गति संचालन और मूकाभिनय
3. भाषण शैली और वाक् प्रशिक्षण
4. मंच परिकल्पना, प्रकाश और रूप सज्जा
5. रंगमंच स्थापत्य
6. भारतीय एवं पाश्चात्य की मंच वेशभूषा की परिकल्पना

नाट्यकला से संबंधित क्षेत्र निम्न हैं :

1. संगीत व नृत्य, और बैले व ऑपेरा (भारतीय और पाश्चात्य)
2. योग और शारीरिक शिक्षा
3. फ़िल्म, टेलीविज़न और रेडियो तकनीक
4. अभिकल्पना और ग्राफिक्स
5. फोटोग्राफी
6. ललित कला
7. सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास व मानवशास्त्र (भारतीय और पाश्चात्य)
8. धर्म और दर्शनशास्त्र
9. फर्नीचर और आंतरिक सज्जा
10. बाल नाटक, कथा-कहानी, कविताएं और स्कूल समुदाय की रंगमंच पुस्तकें

पाठ्य पुस्तकें :

1. हिन्दी एवं अंग्रेज़ी नाटक (भारतीय एवं पाश्चात्य)
2. हिन्दी एवं अंग्रेज़ी उपन्यास (भारतीय एवं पाश्चात्य)
3. जीवनियां एवं अभिनेताओं की जीवनियां
4. कविताएं (भारतीय एवं संस्कृति)
5. भारतीय साहित्य

जहाँ तक पुस्तकों के संग्रहण की गुणवत्ता की बात है, यह उल्लेखनीय है कि हिन्दी या अंग्रेज़ी में नाट्यशास्त्र पर कार्य करने वाले शोधकर्ता छात्र पुस्तकालय में उपलब्ध सामग्री का अक्सर प्रयोग करते हैं। ये शोधकर्ता छात्र न केवल दिल्ली से बल्कि देश के अन्य राज्यों और विदेश से भी आते हैं। वर्तमान में सूचना के साधन के रूप में केवल पुस्तकें ही पुस्तकालय में उपलब्ध नहीं है बल्कि अंग्रेज़ी और हिन्दी में रंगमंच पत्रिकाएं, रिपोर्ट्स, पुस्तकालय सॉफ्टवेयर से संदर्भ सूची, इलैक्ट्रॉनिक कैटलॉग, साइक्लो. स्टाइल्ड पटकथाएं और फोटोकॉपी सामग्री भी उपलब्ध हैं जिनका अधिक से अधिक प्रयोग किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2018-19 में पुस्तकालय में कुल पुस्तकें :

कुल पुस्तकें : **31,128**

पुस्तकालय द्वारा मंगाई जाने वाली कुछ महत्वपूर्ण पत्रिकाएँ, समाचार पत्र निम्न प्रकार से हैं :

द एशियन थिएटर जर्नल, मॉडर्न ड्रामा, नटरंग, मार्ग, साइट ऐण्ड साउंड, संगीत नाटक जर्नल, संगना, द ड्रामा रिव्यू- (टी. डी.आर.), न्यू थिएटर त्रैमासिक, परफार्मिंग आर्ट जर्नल, इंटरनेशनल जनरल ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स ऐण्ड डिजिटल मीडिया, स्टडीज़ इन थिएटर एण्ड परफार्मेंस, थिएटर रिसर्च इंटरनेशनल। कंटैपोरेरी थिएटर रिव्यू, सिनेमा जर्नल्स, थिएटर ऐण्ड परफोर्मेंस डिज़ाइन (टीपीडी), थिएटर डॉन्स ऐण्ड परफोर्मेंस ट्रेनिंग (टीडीपीटी), परफोर्मेंस रिसर्च, थिएटर जर्नल, इंडियन थियेटर जनरल, वॉयस एंड स्पीच रिव्यू, नेशनल हिन्दी एवं अंग्रेज़ी समाचार पत्र, क्षेत्रीय समाचार पत्र एवं पत्रिकाएं बांग्ला, असमिया, पंजाबी, तेलुगु, मराठी, मलयालम पत्रिकाएं हिन्दी एवं अंग्रेज़ी की इंडिया टुडे, आउटलुक, कादंबिनी, डिजिट, योजना, फिल्मफेयर, रोज़गार समाचार, एम्पलॉयमेंट न्यूज, एवं स्वामी न्यूज जनरल।

वर्ष 2018-19 के दौरान महत्वपूर्ण गतिविधियाँ

➢ **8वां थियेटर ओलम्पिक्स 2018**

रानावि द्वारा दिनांक 17 फरवरी, 2018 से 8 अप्रैल, 2018 तक दिल्ली एवं 16 अन्य शहरों में थियेटर ओलम्पिक्स के आठवें संस्करण का आयोजन किया गया। थियेटर ओलम्पिक्स में देश और विदेश से 450 से भी अधिक नाटकों को प्रदर्शित किया गया। भारत के उप-राष्ट्रपति श्री एम. वैंकया नायडू ने दिनांक 17 फरवरी, 2018 को नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक लाल किले के सामने 8वें थियेटर ओलम्पिक्स 2018 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्कृति (स्वतंत्र प्रभार) एवं पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन के राज्य मंत्री डॉ. महेश शर्मा, सचिव, संस्कृति मंत्रालय, श्री राघवेन्द्र सिंह, थियेटर ओलम्पिक्स की अंत. र्राष्ट्रीय समिति, ग्रीस के अध्यक्ष, थियोदोरस टेरजोपोलस और कला एवं संस्कृति के क्षेत्र से जुड़े कई प्रतिष्ठित व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे। 8वें थियेटर ओलम्पिक्स का थीम 'मित्रता का ध्वज' था जिसका उद्देश्य विभिन्न संस्कृतियों, विचारों और विचारधाराओं के लोगों के बीच रंगमंचीय कला के माध्यम से एक सेतु बनाने का प्रयास करता है।

(मुंबई में 8वें थियेटर ओलम्पिक्स का समापन)

रानावि परिसर और 16 अन्य शहरों में कई कार्यक्रम जैसे एंबियस प्रस्तुति, लिविंग लैजेंड श्रृंखला, सेमिनार, कार्यशालाएं, आमने-सामने परिचर्चाओं जैसे कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

51 दिनों तक चले इस ऐतिहासिक समारोह का समापन दिनांक 8 अप्रैल, 2018 को किया गया। समापन समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, श्री देवेन्द्र फणनवीस, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संस्कृति मंत्रालय, राज्य के संघ मंत्री, डॉ. महेश शर्मा और जाने-मान रंगमंच एवं फिल्म व्यक्तित्व श्री नाना पाटेकर, माननीय अतिथि थे। 8वें थियेटर ओलम्पिक्स 2018 के भव्य समारोह का समापन 8 अप्रैल को मुंबई में हुआ, जिसमें जनजाति, लोक एवं आधुनिक रंगमंच के 400 से भी अधिक कलाकारों

के जीवंत कोलाज की प्रस्तुति 'रंग शिखर' को प्रदर्शित किया गया।

(मुंबई में 8वें थियेटर ओलम्पिक्स का समापन)

➢ **भारत रंग महोत्सव**

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा देश भर में रंगमंच के विकास को बढ़ावा देने के लिए दो दशकपूर्व भारत रंग महोत्सव की स्थापना की गई थी। मूलत: यह राष्ट्रीय समारोह भारत के उन सृजनात्मक रंगकर्मियों के कार्यों को प्रदर्शित करता है जिससे कि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय रूप से पूरे विश्व में स्कोप और उन रंगमंच कंपनियों का बृहद विकास होता रहा है और अब यह एशिया का सबसे बड़ा रंगमंच समारोह है। पहला भारत रंग महोत्सव का आयोजन 1999 में किया गया।

(रानावि में 20वें भारत रंग महोत्सव का उद्घाटन)

इसी श्रृंखला में भारत के अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच समारोह के 20वें अध्याय का आयोजन 1 से 21 फरवरी, 2019 तक दिल्ली एवं पाँच अन्य शहरों जैसे- डिब्रूगढ़, वाराणसी, राजकोट, मैसूर और रांची में किया गया। समारोह का उद्घाटन 1 फरवरी, 2019 को कमानी सभागार में किया गया। श्री अमोद भट्ट, रंगपूर्वा, मुंबई के निर्देशन में 'कारंत के रंग' की रंगमंचीय प्रस्तुति का मंचन किया गया। संस्कृति (स्वतंत्र प्रभार) एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, भारत सरकार माननीय श्री महेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में, श्री रामगोपाल बजाज एवं डॉ. सोनल मानसिंह माननीय अतिथियों के रूप में, सुश्री निरूपमा कोटू, संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय एवं श्री धमेन्द्र सिंह गंगवार, वित्तीय सलाहकार, संस्कृति मंत्रालय विशेष अतिथि के रूप में, श्री रामदास अठावले, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण के राज्य मंत्री द्वारा इस उद्घाटन समारोह की बेला की शोभा बढ़ाई गई और डॉ. अर्जुन देव चारण, कार्यवाहक अध्यक्ष, रानावि सोसायटी द्वारा समारोह की अध्यक्षता की गई।

(रानावि में 20वां भारत रंग महोत्सव)

समारोह का आयोजन 1-21 फरवरी, 2019 तक मंडी हाउस के निकट एवं रानावि परिसर में स्थित 8 सभागारों में किया गया जिसमें 101 नाटक मंचित किए गए जिनमें 15 प्रस्तुतियाँ विदेश की थीं। विदेश के नाटक बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, पोलैंड, रूस, रोमानियां, चैक गणराज्य और सिंगापुर से थे। 20वें भारत रंग महोत्सव के दौरान पूर्व स्नातक छात्रों द्वारा 5 डिप्लोमा प्रस्तुतियाँ, प्रदर्शित की गई। समारोह को हज़ारों रंगमंच प्रेमियों द्वारा सराहा गया और लगभग 50,000 दर्शकों द्वारा देखा गया। प्रिंट एवं इलैक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इस समारोह की बहुत प्रशंसा की गई। समारोह के दौरान लीविंग लैजेंड सीरीज का आयोजन किया गया जिसमें लीविंग लेजैंड के साथ आमने-सामने की बातचीत संचालित की गई जो कि प्रतिभागिता करने वाले छात्रों, सामान्य रंगमंच प्रेमियों, जनता और रंगमंच विशेषज्ञों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभागिता की। मीट द डायरैक्टर के कार्यक्रम भी अपेक्षित किये गए जिनमें रंगमंच प्रेमी सामान्य एवं प्रोफेशनलों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अग्रणी निर्देशकों एवं प्रस्तुतिकर्ताओं के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। संबद्ध एवं शैक्षिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय संगोष्ठी भी इस कार्यक्रम का अंश रहे। एक विशेष कार्यक्रम 'मास्टर क्लास' का भी आयोजन किया गया जिसमें अग्रणी रंगमंच व्यक्तियों के साथ विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। 'वर्ल्ड थियेटर फोरम' (असल में यह रंगमंच है किसका?) का आयोजन भी किया गया जिसमें विभिन्न देशों से

आए अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच व्यक्तित्वों द्वारा उनके साथ बातचीत के एवं अपने अनुभवों को साझा किया। समारोह को दर्शकों और मीडिया की ओर से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली।

➢ **रानावि द्वारा 'आदिरंग महोत्सव' का आयोजन किया गया – रंगमंच, नृत्य, संगीत, शिल्प का राष्ट्रीय जनजातीय समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन**

- **मडगाँव, गोवा–18 से 20 मई, 2018**

  आदिरंग महोत्सव – रंगमंच, नृत्य, संगीत, कलाओं का राष्ट्रीय जनजातीय समारोह और सेमिनार का आयोजन मडगाँव, गोवा में **18 से 20 मई, 2018** तक किया गया। विभिन्न राज्यों से लगभग 25 समूहों ने समारोह में भाग लिया। जनजातीय समारोह के एक अंश के रूप में 18 जनजातीय प्रदर्शन कलाओं में संगीत और नाटक की महत्ता' विषय पर 18 और 20 मई, 2018 को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान 19 और 20 मई 2018 को दो नाटकों को प्रदर्शित किया गया। समारोह की अवधि के दौरान एक शिल्प मेला भी आयोजित किया गया जिसमें 50 से भी अधिक शिल्पकारों ने प्रतिभागिता की। समारोह को मीडिया द्वारा बहुत सराहना मिली।

- **द्वारोंदा शांति निकेतन पश्चिम बंगाल–25 से 27 मई, 2018**

  आदिरंग महोत्सव–नृत्य संगीत, शिल्प कलाओं के राष्ट्रीय जनजातीय समारोह और सेमिनार का आयोजन द्वारोंदा गाँव, शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल में 25 से 27 मई, 2018 तक किया गया। विभिन्न राज्यों से लगभग 20 समूहों ने समारोह में प्रतिभागिता की। संथाल और उत्तर–पूर्व क्षेत्र से लगभग 450 जनजातीय कलाकारों द्वारा इन प्रस्तुतियाँ को देखा गया। समारोह को ऐसे परिवेश में किया गया जो कि जनजातीय संस्कृति और उनके जीवन के अनुकूल था।

- **कलिपड़िया केन्दुझारगढ़, केउनझार जिला ओडिशा – 23–25 नवंबर, 2018**

  आदिरंग महोत्सव – रंगमंच, नृत्य, संगीत, कलाओं के राष्ट्रीय जनजातीय समारोह और सेमिनार का आयोजन 23 से 25 नवंबर, 2018 तक कलिपड़िया, केन्डुझारगढ़, केउनझार जिले ओडिशा में किया गया। विभिन्न राज्यों से लगभग 25 समूहों ने समारोह में प्रतिभागिता की। जनजातीय समारोह के एक अंश के रूप में 'आदिवासी कला एवं संस्कृति' के विषय पर एक सेमिनार 24 और 25 नवंबर, 2018 को आयोजित किया गया। समारोह के दौरान 24 और 25 नवंबर, 2018 को दो नाटक प्रदर्शित किये गये। समारोह के दौरान एक शिल्प मेला भी आयोजित किया गया जिसमें 50 से भी अधिक शिल्पकारों ने प्रतिभागिता की। इस समारोह को मीडिया द्वारा बहुत सराहना मिली।

- **इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़, छत्तीसगढ़ – 25–27 फरवरी, 2019**

  आदिरंग महोत्सव–रंगमंच, नृत्य, संगीत, कलाओं का राष्ट्रीय जनजातीय समारोह और सेमिनार का आयोजन 25 से 27 फरवरी 2019 तक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़, छत्तीसगढ़ में किया गया। समारोह में विभिन्न राज्यों से लगभग 25 समूहों ने प्रतिभागिता की। समारोह के दौरान 26 और 27 फरवरी 2019 को दो नाटकों का मंचन किया गया। जनजातीय समारोह के एक अंश के रूप में 'वर्तमान परिदृश्य में जनजातीय कलाओं का महत्व' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन 26 एवं 27 फरवरी 2019 को किया गया। समारोह की अवधि के दौरान एक शिल्प मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें 60 से भी अधिक शिल्पकारों ने प्रतिभागिता की। समारोह को मीडिया द्वारा बहुत सराहना मिली।

➢ रानावि द्वारा पूर्वोत्तर राष्ट्रीय समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर–पूर्व क्षेत्र से 5 रंगमंच समूहों ने प्रतिभागिता की।

- रांची (झारखंड) में 26 से 30 मई, 2018 तक।
- राउरकेला, ओडिशा में 28 मई से 1 जून, 2018 तक।
- दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल में 30 मई से 3 जून, 2018 तक।

➢ **रानावि द्वारा दीव में 21 से 25 अक्तूबर, 2018 तक 5 दिवसीय शास्त्रीय रंगमंच समारोह** का आयोजन किया गया जिसमें शास्त्रीय रंगमंच पर आधारित 5 नाटकों का प्रदर्शन किया गया। इस समारोह को मीडिया की बहुत सराहना मिली।

➢ **जश्नेबचपन 2018**

रानावि की टाई कंपनी द्वारा 17–25 नवंबर, 2018 तक जश्नेबचपन, 2018 क्योंकि (अंतर्राष्ट्रीय बाल रंगमंच समारोह) का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन 17 नवंबर, 2018 को रानावि के मुक्तांगन में किया गया जिसमें डॉ. लाइक हुसैन के मार्गदर्शन में विभिन्न कलाकारों द्वारा 'उड़ान' की प्रस्तुति दी गई। इस समारोह में बच्चों और व्यस्कों के लिए 24 नाटकों का मंचन किया गया। इस समारोह में स्विटज़रलैंड, इंडोनेशिया और श्रीलंका से आए तीन नाटक भी प्रदर्शित किए गए। दिल्ली एवं एनसीआर के दर्शकों द्वारा इन नाटकों के साथ इस समारोह का आनंद उठाया गया।

(जश्नेबचपन 2018)

➢ रानावि ने गोलाघाट एमेच्युर सोसाइटी, असम में 12 से 20 जनवरी 2019 तक पूर्वोत्तर नाट्य समारोह आयोजित किया जिसमें 8 शो प्रदर्शित किए गए और 11 से 19 जनवरी 2019 तक टाउन हॉल, दीमापुर नागालैंड में 9 प्रस्तुतियाँ दी गई। समारोह को रंगप्रेमियों द्वारा अत्यधिक सराहा गया।

अन्य गतिविधियाँ

- सिक्किम सरकार द्वारा रानावि के सिक्किम केन्द्र की बिल्डिंग बनाने के लिए पूर्वी सिक्किम के उत्तम क्षेत्र में 1.7260 हैक्टेयर भूमि आबंटित की गई है। बिल्डिंग का कार्य संस्कृति मंत्रालय द्वारा स्वीकृति किए गए फंड राशि की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

- रानावि के बैंगलुरू केन्द्र के छात्रावास की बिल्डिंग का उद्घाटन 13 जनवरी, 2019 को किया गया। श्रीमती बी. जयश्री, राज्य सभा की पूर्व संसद सदस्य ने उक्त बिल्डिंग के लिए अपने 'संसद निधि फंड' से रु. 2 करोड़ दिये और इसका निर्माण कर्नाटक सरकार की निर्माण ईकाई बैंगलोर निर्मित केन्द्र द्वारा किया गया।

- रानावि द्वारा रंगमंच के क्षेत्र में उत्कृष्ट सहयोग के लिए रानावि के उन योग्य स्नातकों के कार्यों की सराहना के लिए दो वार्षिक पुरस्कार जैसे ब. व. कारंत (रानावि के वरिष्ठ स्नातकों के लिए) और मनोहर सिंह स्मृति पुरस्कार (50 वर्ष से कम आयु के रानावि स्नातकों के लिए) प्रदान किए गए। दोनों ही श्रेणियों में पुरस्कार पिछले 10 वर्षों से नहीं दिए गए थे। रानावि सोसायटी की संस्तुति पर, एक जूरी समिति का गठन किया गया जिसने दोनों वर्गों के लिए पिछले 10 वर्षों के पुरस्कार प्राप्त करने वालों के नाम नामित किए। वर्ष 2019 में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 26 मार्च, 2019 को श्रीराम सेंटर सभागार, नई दिल्ली में किया गया जिसमें पिछले 10 वर्षों के ब.व. कारंत एवं मनोहर स्मृति पुरस्कार की दोनों श्रेणियों के लिए पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार प्राप्त करने वालों के नाम निम्न प्रकार से हैं :-

क्रम सं.	नाम	पुरस्कार का वर्ष	योगदान का क्षेत्र
1.	श्री राम गोपाल बजाज	2010	समग्र योगदान
2.	श्री देवेन्द्र राज अंकुर	2011	समग्र योगदान
3.	श्री बंसी कौल	2012	परिकल्पना एवं निर्देशन
4.	सुश्री नीलम मानसिंह चौधरी	2013	निर्देशन
5.	श्री रंजीत कपूर	2014	निर्देशन
6.	श्री राजू बरोट	2015	निर्देशन
7.	प्रो. वामन केन्द्रे	2016	निर्देशन
8.	श्री सत्यब्रत राउत	2017	परिकल्पना
9.	श्री सी. बासवालिंगैया	2018	निर्देशन

निम्नांकित विषयों के रंगमंच क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें ब. व. कारंत स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

क्रम सं.	नाम	पुरस्कार का वर्ष	योगदान का क्षेत्र
1.	श्री अभिलाष पिल्लई	2009	परिकल्पना एवं निर्देशन
2.	श्री अनिरूद्ध खुडवाड़	2010	निर्देशन
3.	श्री चितरंजन त्रिपाठी	2011	निर्देशन एवं रंगमंच
4.	श्री आसिफ अली हैदर	2012	नाटककार
5.	श्री साउती चक्रवर्ती	2013	नाटककार
6.	श्री टीकम जोशी	2014	अभिनय
7.	श्री दानिश इक़बाल	2015	निर्देशन
8.	श्री सुकुमार तुडु	2016	अभिनय
9.	श्री गोविन्द यादव	2017	प्रकाश परिकल्पना
10.	सुश्री इपिशता चक्रवर्ती	2018	अभिनय

(श्रीराम केंद्र, दिल्ली में ब.व. कारंथ और मनोहर सिंह स्मृति पुरस्कार का पुरस्कार समारोह।

- रानावि द्वारा 27 मार्च से 29 मार्च 2019 तक राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और इसके चार केन्द्रों के स्टाफ कर्मचारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, रानावि दिल्ली, रानावि बैंगलुरू, रानावि त्रिपुरा और रानावि वाराणसी के स्टाफ सदस्यों ने खरीद प्रक्रिया, अभिचरण, एम पी एस और अन्य सेवा मामलों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।
- रानावि, दिल्ली और इसके चार केन्द्रों में 21 जून 2018 को उनके अपने परिसरों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें जाने-माने विशेषज्ञों के द्वारा योग संबंधी क्रियाएं करवाई गई। योग विषय और प्रदर्शन कलाओं में योग पर आयोजित किए गए बातचीत के सत्रों में अच्छी उपस्थिति रही ओर स्टाफ, छात्र और संकायों द्वारा इसे बहुत सराहा गया।

(21 जून 2018 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन)

वर्ष 2018–19 के दौरान शैक्षिक गतिविधियाँ

विद्यालय द्वारा नाट्य कलाओं में प्रशिक्षण का एक तीन वर्षीय व्यापक पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाया जाता है। पाठ्यक्रम के पूरा होने पर सफल अभ्यर्थियों को नाट्यकला में डिप्लोमा प्रदान किया जाता है। प्रथम वर्ष में सभी छात्रों को एक समेकित पाठ्यक्रम पढ़ना होता है। इसमें नाट्य साहित्य, सौन्दर्य शास्त्र, अभिनय के सिद्धांत एवं व्यवहार जिसमें मूकाभिनय और गति संचालन, मार्शल आर्ट्स, योग और संगीत, मंच तकनीकों के सिद्धांत और व्यवहार के तत्व जैसे; नाटकीय परिकल्पना, वस्त्र परिकल्पना, प्रकाश व्यवस्था, रूप-सज्जा और रंगमंच स्थापत्य शामिल हैं।

द्वितीय वर्ष में, छात्रों को विशेषज्ञता के लिए **अभिनय** या **रंगमंच तकनीक और परिकल्पना** में से किसी एक विषय को चुनना होता है। वही विशेषज्ञता का विषय तृतीय वर्ष में भी जारी रहता है।

प्रवेश : 2018-2021

वर्ष की पहली तिमाही में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ने देश के चुने हुए अख़बारों में प्रवेश सूचना दी थी जिसमें शैक्षिक सत्र 2018–2021 के लिए नाट्य कलाओं में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए।

अभ्यर्थियों के प्रथम चरण के साक्षात्कार एवं ऑडिशन की परीक्षा निम्नांकित दस केन्द्रों पर आयोजित की गई।

1. जयपुर – 1 और 2 मई, 2018
2. चंडीगढ़ – 4 और 5 मई, 2018
3. लखनऊ – 7, 8 और 9 मई, 2018
4. पटना – 11 और 12 मई, 2018
5. भुवनेश्वर – 14 मई, 2018
6. कोलकाता – 16 और 17 मई, 2018
7. गुवाहाटी – 20 मई, 2018
8. चैन्नई – 22 मई, 2018
9. बैंगलुरू – 24 मई, 2018
10. दिल्ली – 26 से 29 मई, 2018
11. भोपाल – 31 मई से 2 जून, 2018
12. मुंबई – 5 से 9 जून, 2018

आवेदकों के सृजनात्मक रूझान की परीक्षा लेने के लिए अंतिम कार्यशाला सह साक्षात्कार 26 से 30 जून और 2 से 6 जुलाई, 2018 तक रानावि परिसर में की गई। अंत में शैक्षिक सत्र 2018–2021 के लिए उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु 26 छात्रों का चयन किया गया जिन्हें अपनी पढ़ाई संबंधी व्ययों को पूरा करने के लिए रु. 8,000/- प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

प्रो. वामन केन्द्रे, के मार्गदर्शन में इन क्षेत्रीय केन्द्रों में प्राथमिक चयन समिति की बैठकों का आयोजन करने में शैक्षिक मामलों के श्री शांतनु बोस ने इनकी सहायता की। प्राथमिक चयन समिति के अन्य विशेषज्ञों में श्री अर्जुन देव चारण, श्री योगेन्द्र चौबे,

सुश्री ईला अरूण, डॉ. नवदीप कौर, श्री दिनेश खन्ना, सुश्री संयुक्ता थौराट, और 2 मई, 2018 को जयपुर में;

- प्रो. अशोक सागर भगत, डॉ. महेश चंपकलाल, श्री सुदेश शर्मा, श्री कमल तिवारी, श्री मुश्ताक काक, सुश्री रमनजीत कौर, सुश्री हेमा सिंह, श्री अरूण कुमार मलिक 4 और 5 मई 2018 को चंडीगढ़ में;
- डॉ. महेश चंपकलाल, श्री रवि शंकर खरे, श्री सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ, सुश्री विधु खरे दास, श्री उर्मिल कुमार थपलियाल, प्रो. अशोक सागर भगत, श्री दिनेश खन्ना, सुश्री रीटा चौधरी, 7 से 9 मई, 2018 तक लखनऊ में;
- प्रो. अशोक सागर भगत सुश्री एंजला महर्षि, श्री सतीश आनंद, श्री ऋषिकेश सुलभ, श्री दिनेश खन्ना, श्री धर्मराज राम 11 से 12 मई 2018 तक पटना में;
- प्रो. अशोक सागर भगत, श्री दैत्री पांडा, श्री सत्यब्रत राउत, सुश्री माया दास, श्री अरूण कुमार मलिक 14 मई 2018 को भुवनेश्वर में,
- श्री देबाशीष मजूमदार, श्री बहरूल इस्लाम, सुश्री सुरंजना दासगुप्ता, सुश्री अनुमा फतेहपुरिया, श्री परवेज अख़्तर, प्रो. अशोकर सागर भगत, श्री दिनेश खन्ना, श्री शांतनु दास, 16 और 17 मई, 2018 को कोलकाता में;
- प्रो. अशोक सागर भगत, श्री के. जुगिन्द्रो सिंह, श्री सत्यब्रत राउत, श्री प्रांजल सैकिया, सुश्री एस. थनिनलिया, श्री बिपिन कुमार, श्री दिनेश खन्ना, श्री चंदन हलदार 20 मई 2018 को गुवाहाटी में;
- प्रो. अशोक सागर भगत, श्री अब्दुल लतीफ खटाना, श्री आर. राजू, सुश्री पद्मा वेंकटरमन, श्री कुमार वर्मा, सुश्री प्रसन्ना रामास्वामी, श्री आसिफ अली हैदर खान, श्री मुरूगावेलु 22 मई 2018 को चैन्नई में;
- प्रो. अशोक सागर भगत, श्री बी. जयश्री, श्री बहरूल इस्लाम, श्री राजीव वेलीचेट्टी, सुश्री भागीरथी बाई, श्री एस. बासवलिंगैया, श्री पराग शर्मा, डॉ. नागेश बेट्टेकोटे 24 मई 2018 को बैंगलुरू में;
- श्री सुरेश शर्मा, श्री महेश आनंद, श्री रतन माथुर, श्री लोकेन्द्र त्रिवेदी, श्री टीकम जोशी, श्री बनवारी लाल, श्री अब्दुल लतीफ खटना, सुश्री ऐंजला महर्षि, सुश्री कुसुम हैदर, श्री साउती चक्रवर्ती, श्री सुमन वैद्य, श्री शांतनु बोस, श्री दिनेश खन्ना, डॉ. नवदीप कौर, श्री दौलत वैद्य, श्री अमिताभ श्रीवास्तव, श्री यशराज जाधव, डॉ. सुरेश चंद, श्री सुरेश भारद्वाज, श्री जयप्रकाश सिंह, सुश्री अंजु जेटली, डॉ. दानिश इकबाल, श्री अरूण कुमार मलिक, श्री रवीन्द्र कुमार, श्री बनवारी तनेजा, श्री सत्यब्रत राउत, सुश्री अनिला सिंह खोसला, सुश्री मोना चावला, श्री पराग सर्माह, डॉ. संयुक्ता थोराट 26 से 29 मई, 2018 तक दिल्ली में;
- श्री जयंत देशमुख, सुश्री संगीता गुंडेचा, श्री आलोक चटर्जी, श्री योगेन्द्र चौबे, श्री सुरेश शर्मा, प्रो. अशोक सागर भगत, श्री कन्हैया लाल कैथवास, 31 मई से 2 जून, 2018 तक भोपाल;
- प्रो. रामगोपाल बजाज, श्री शौकात खान, सुश्री डॉली ठाकोरे, सुश्री राजश्री शिरके, श्री सौम्य जोशी, प्रो. अशोक सागर भगत, सुश्री संयुक्त थोराट 5 से 9 जून, 2018 तक मुंबई में

श्री अर्जुन देव चारण की अध्यक्षता में अंतिम चयन की समिति बनाई गई, जिसमें प्रो. वामन केन्द्रे, प्रो. अशोक सागर भगत, सुश्री हेमा सिंह, श्री अब्दुल लतीफ खटाना, श्री दिनेश खन्ना, श्री अमजीत शर्मा, श्री शांतनु बोस, सुश्री हिमानी शिवपुरी, श्री शौकत खान, श्री मनोज जोशी, सुश्री ऊषा गांगुली, सुश्री प्रसन्ना रामास्वामी, श्री सूर्यमोहन कुलश्रेष्ठ, श्री ऋषिकेश सुलभ, सुश्री अम्बा सान्याल, श्री प्रांजल सैकिया, सुश्री उत्तरा बावकर, सुश्री राजश्री शिरके, श्री राजिन्दर नाथ, श्री आर. के. सिंह जीत सिंह, श्री महेश आनंद, डॉ. सुरेश चंद शामिल थे। यह समिति अंतिम चयन समितियों द्वारा संस्तुति किए गए आवेदकों का साक्षात्कार लेती हैं। उक्त चयन समिति प्रतिभागिता करने वाले अभ्यर्थियों की एकल प्रस्तुति का मूल्यांकन कर 30 जुलाई, 2018 से आरंभ

होने वाले शैक्षिक वर्ष 2018–2021 के पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु 26 छात्रों का चयन करती है। चुने गए छात्रों की सूची निम्न प्रकार से है।

क्रम सं.	नाम
1.	श्री आलोक रंजन
2.	श्री अभिषेक कौशल
3.	सुश्री अदिति गौतम
4.	सुश्री अन्नू प्रिया
5.	सुश्री अप्सरा खान
6.	श्री भूषण पाटिल
7.	श्री चंदन कुमार
8.	सुश्री दक्षा
9.	श्री गुंजन शुक्ला
10.	सुश्री ईशा पांडे
11.	श्री जुनैद अहमद राठौड़
12.	सुश्री कंचन उज्जवल
13.	सुश्री खुशबू कुमारी
14.	सुश्री निकिता भारती
15.	सुश्री नुपुर जगन्नाथ चिताले
16.	सुश्री पाली फुकोन
17.	श्री पार्थ प्रतिम हज़ारिका
18.	सुश्री पूनम दहिया
19.	सुश्री प्रतिक्षा कोटे
20.	सुश्री सारिका भारती
21.	सुश्री शालिनी कुंडू
22.	सुश्री शाजिया बटूल
23.	सुश्री तमिला रासी
24.	सुश्री तसेरिंग ल्हमो
25.	श्री विकास
26.	सुश्री प्रेरणा जोशी

फ़िल्म मूल्यांकन पाठ्यक्रम

अंतिम वर्ष के छात्रों ने 9 से 22 जुलाई 2018 तक 'फ़िल्म मूल्यांकन' पर फ़िल्म एवं टेलिविजन संस्थान, कलकत्ता में 10 दिवसीय पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में प्रतिभागिता की। पाठ्यक्रम एवं कार्यशाला के दौरान उक्त संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने फ़िल्म एवं टेलिविज़न के विभिन्न पहलुओं पर छात्रों के साथ अपनी बहुमूल्य विशेषज्ञता और अनुभव साझा किए। इसके अतिरिक्त फ़िल्म टैक्नॉलॉजी और कैमरा संचालन पर छात्रों को एक्सपोजर दिया जिससे कि उनको इस क्षेत्र में अपनाई गई नवीनतम आधुनिक टैक्नॉलोजी से परिचित कराया जा सके।

वर्ष 2018–19 के शैक्षिक वर्ष के लिए अंतिम वर्ष के छात्रों ने 11–24 मार्च, 2019 तक फिल्म एवं टेलिविज़न इंस्टीट्यूट, पुणे में 'फिल्म ऐप्रीसिएशन' के 10 दिवसीय पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में प्रतिभागिता की। पाठ्यक्रम/कार्यशाला के दौरान उक्त

संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने फिल्म एवं टेलिविज़न के विभिन्न पहलुओं पर अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा किए। इसके अतिरिक्त छात्रों को फिल्म तकनीक और कैमरा को संभालने की भी जानकारी दी गई जिससे कि इस क्षेत्र में अपनाई गई आधुनिक तकनीकों के बारे में छात्रों को जानकारी मिल सके।

छात्रों के लिए आयोजित शैक्षिक दौरे

रानावि में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के एक अंश के रूप में छात्रों के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों के पारंपरिक लोक रूपों/रंगमंच के गहन अध्ययन एवं उन्हें सीखने के लिए प्रतिवर्ष शैक्षिक दौरों का आयोजन किया जाता है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान रानावि द्वारा अपने छात्रों को लाभान्वित करने के लिए शैक्षिक दौरे करवाए गए।

(क) आगरा/फतेहपुर सीकरी दौरा

प्रथम वर्ष के छात्रों को शैक्षिक दौरे के लिए विश्व में प्रसिद्ध देश की उत्तर प्रदेश सिथत विरासत ताजमहल, लालकिला, फतेहपुर सीकरी और जाने-माने हिन्दु मंदिरों में उनके अमूल्य गेटवे और जिज्ञासु ढांचागत डिज़ाइन देखने के लिए 30 जुलाई से 1 अगस्त, 2018 तक तीन दिनों तक श्री सोहेल हाशमी के मार्गदर्शन के अंतर्गत।

द्वितीय वर्ष के छात्रों के शैक्षिक दौरे के लिए विश्व में प्रसिद्ध देश उत्तर प्रदेश में स्थित विरासत ताजमहल, लालकिला, फतेहपुर सीकरी और जाने-माने हिन्दू मंदिरों में उनके अमूल्य गेटवे और जिज्ञासु ढांचागत डिज़ाइन देखने के लिए 19 एवं 20 जनवरी, 2019 को 2 दिनों के लिए श्री अब्दुल कादिर शाह के मार्गदर्शन में।

(ख) औरंगाबाद - महाराष्ट्र दौरा

प्रथम वर्ष के छात्र शैक्षिक दौरे पर महाराष्ट्र में औरंगाबाद में गए जहाँ उन्होंने वहाँ के ऐतिहासिक स्थानों और एजंता एवं एलोरा की गुफाओं, पेंटिंगों, मिनिएचरों, स्कल्पचरों और दौलताबाद के किले देखे। यह दौरान 14 से 18 दिसंबर, 2018 तक की अवधि के दौरान श्री आसिफ अली हैदर खान के मार्गदर्शन में किया गया।

(ग) अहमदाबाद - गुजरात कार्यशाला

द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाल का आयोजन 14 अप्रैल से 15 मई, 2019 तक की अवधि के दौरान श्री राजू बरोट के कैंप निर्देशन के अंतर्गत अहमदाबाद, गुजरात में किया गया।

उक्त कार्यशाला गुजरात के प्रतिष्ठित लोक रूप 'भवई' पर आधारित था। कार्यशाला के अंत में छात्रों में हिन्दी में 'पंचों नो वॉश' नामक नाटक तैयार किया गया और जिसके शो 13 मई 2019 को अहमदाबाद और 23 से 25 मई 2018 तक बहुमुख सभागार में किए गए।

अतिथि संकाय/रंगमंच विशेषज्ञों द्वारा कक्षाएं/कार्यशाला

नियमित संकाय सदस्यों के अतिरिक्त छात्रों को विशिष्ट अतिथि संकाय सदस्यों जिनमें विदेश से भी अतिथि संकाय शामिल हैं, द्वारा भी पढ़ाया जाता है जिन्हें छात्रों के साथ विभिन्न रंगमंच तकनीकों, सिद्धांतों और कला प्रणालियों पर कार्य करने के लिए आमंत्रित किया गया। इस प्रकार के अभ्यास से छात्रों को आधुनिक रंगमंच में अपनाए जा रहे नवीनतम फैशन और इसकी संबंद्ध कलाओं के बारे में जागरुकता होती है जिससे कि वे तेज़ी से बदलते माहौल में कार्य करने के लिए स्वयं को और बेहतर ढंग से तैयार कर सकें।

समय-सूची के अनुसार नियमित संकाय सदस्यों द्वारा ली जाने वाली कक्षाओं के अतिरिक्त इस अवधि के दौरान सर्वेक्षण के अंतर्गत विद्यालय द्वारा निम्नांकित अतिथि विशेषज्ञों को अतिरिक्त शिक्षण के लिए आमंत्रित किया गया। इस प्रकार की अतिरिक्त कक्षाओं और कार्यशालाओं की सूची निम्न प्रकार से है :

जुलाई से दिसंबर, 2018

विशेषज्ञ का नाम	**विषय**
सुश्री शिल्पिका बोरडोली	गति

सुश्री निहारिका सिंह	अभिनय
श्री दीपक पांडे	कंप्यूटर ग्राफिक्स
श्री गिल्स चुयेन	कोरियोग्राफर
श्री दीपक शिवारमन	सीनोग्राफी
श्री गोविन्द नामदेव	अभिनय
श्री एनाएस बोरक्वीन	बुटोह
श्री जैसमिन मारटोरैल	वॉयस कल्चर
श्री फिलिप पेलेन बालदिनी	अभिनय
श्री टोनी येम	मूवमेंट
श्री राजेश राठौड़	हिप हॉप
श्री नौशाद एम.	अभिनय
सुश्री सुमंत्र सेनगुप्ता	परिकल्पना
सुश्री मरिआना वेंसटाइन	निर्देशन
श्री देवेनद्र राज अंकुर	शास्त्रीय भारतीय नाट्य लेखन
श्री सतीश आलेकर	नाट्य लेखन
श्री राजेश बहल	ड्रॉइंग एवं स्केचिंग
श्री सुमेश पी. बी.	कलरी
सुश्री उर्मिला सरकार	डांस थियोरी
श्री प्रयाग शुक्ल	एस्थेटिक्स
श्री शशाधर आचार्य	छाऊ
सुश्री कनिका शर्मा	रीडिंग विजुअल टैक्स
श्री एम जी ए जिरी हॉन्ज़ीरेक	पब्लिक आर्ट
श्री बेमिल बिस्वास	प्रस्तुति को कैसे पढ़ा जाता है
सुश्री स्वाति मोहन	मूवमैंट
सुश्री अंजना पुरी	संगीत
श्री अमित बनर्जी	वायस
सुश्री इना रॉस	कला प्रबंधन
श्री ललित खटाना	मूवमैंट
श्री बोरजा मैरिजी	संगीत
सुश्री मुन मुन सिंह	मूवमैंट
श्री काजल घोष	संगीत

कक्षा प्रस्तुतियां

1. श्री अनिरूद्ध खुटवाड़ द्वारा 'रेजिन इन द सन'
2. श्री शांतनु बोस द्वारा निर्देशित 'सुर्ख आसमान – जंग–ए फराश'
3. डॉ. अनुराधा कपूर द्वारा निर्देशित 'नाले वाली लड़की'
4. श्री रॉबिन दास द्वारा निर्देशित 'तुरा दोट एंड द इंटेलैक्चुअल्स'
5. श्री के. एस. राजेन्द्रन द्वारा निर्देशित 'प्रियदर्शिका'
6. श्री सुरेश अनंगली द्वारा निर्देशित 'भगवद्जुकम्'

जनवरी से जून, 2019

विशेषज्ञ के नाम	**विषय**
श्री पीटर कुक	परिकल्पना
श्री प्रसन्ना	अभिनय
सुश्री नीलम मान सिंह	निर्देशन सीन वर्क
श्री खालिद तैयबजी	अभिनय
सुश्री जॉय मितेई	मूवमैंट
श्री दीपक चंन्द्र पांडे	कंप्यूटर ग्राफिक्स
श्री बिस्वजीत सिंह	थांग-टा
सुश्री मरियाना वेंसटेन	निर्देशन
श्री लोकेश भारद्वाज	एडवांस योग
श्री वाई. एस. अलोन	कला इतिहास
सुश्री जैकलीन रोउसेटी	निर्देशन
श्री विक्रम मोहन	मूवमैंट
श्री साउती चक्रवर्ती	लाइटिंग सीन वर्क
श्री मनोज बाजपेयी	अभिनय
श्री रंधीर कुमार	निर्देशन सीन वर्क
श्री अनिरूद्ध खुटवाड़	वास्तुनिक सीन वर्क
सुश्री एनी देईत्रिच	मूवमैंट
सुश्री अंबा सान्याल	वस्त्रसज्जा
श्री मृत्युंजय प्रभाकर	शास्त्रीय भारतीय नाटक
सुश्री अंजना पुरी	संगीत
श्री अली सल्मी	मूवमैंट
श्री देवेनद्र राज अंकुर	शास्त्रीय भारतीय नाटक
श्री आमोद भट्ट	रंगमंच संगीत
सुश्री दीपा शाद	रंगमंच प्रबंधक
श्री नील फ्रेज़र	लाइटिंग
श्री मट्ट लेवेन्थल	लाइटिंग
डॉ. दानिश इकबाल	डिक्शन
श्री परवेज़ खान	मार्शल आर्ट
सुश्री एरिका काउफमैन	मूवमैंट

कक्षा प्रस्तुतियां

1. डॉ. अभिलाष पिल्लई द्वारा निर्देशित 'ब्लाइंड साइड'
2. श्री बंसी कौल द्वारा निर्देशित 'खेल पहेली'
3. श्री अब्दुल लतीफ खटाना द्वारा निर्देशित 'किंग लियर'
4. डॉ. दानिक इकबाल द्वारा निर्देशित 'रोमियो जूलियट'
5. श्री आसिफ अली हैदर खान द्वारा निर्देशित 'कैमिलिया'

कुट्टिअट्टम कार्यशाला

शिक्षण पाठ्यक्रम के एक मुख्य अंश के रूप में प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और गुरु जिन्हें कुट्टिअट्टम – देश के दक्षिण भागों जैसे केरल में प्रदर्शन के लिए संस्कृत नाटक की जानी–मानी पारम्परिक शैली, में व्यापक अनुभव और जानकारी है, उन्हें दिनांक 24 जुलाई से 8 सितंबर, 2018 तक की अवधि के दौरान द्वितीय वर्ष के छात्रों के साथ कुट्टिअट्टम पर एक कार्यशाला संचालित करने के लिए कोचीन (केरल) से आमंत्रित किया गया था। श्री जी. वेणु के मार्गदर्शन में प्रतिष्ठित विशेषज्ञों एवं गुरुओं की टीम ने द्वितीय वर्ष के छात्रों के साथ दिनांक 24 जुलाई, 2018 के बाद से कुट्टिअट्टम के विभिन्न पहलुओं पर कार्य करना आरंभ कर दिया था।

व्याख्यान एवं निर्देशन

शैक्षिक कार्यक्रम के अंश के रूप में विद्यालय द्वारा प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए एक व्याख्यान एवं निर्देशन किया गया :-

1. गुरू जी. वेणु द्वारा भारतीय शास्त्रीय रंगमंच का परिचय।
2. सुश्री संजीता प्रसाद द्वारा मनोविज्ञान पर व्याख्यान।
3. डॉ. अंब्रीश सात्विक द्वारा एनाटॉमी पर व्याख्यान।
4. 'भारतीय शास्त्रीय गायन संगीत शैलियों (ध्रुपद, कर्नाटक, ख्याल एवं ठुमरी) पर सौन्दयपूर्ण पहुँच विषय पर आमंत्रित महान संगीतज्ञों द्वारा व्याख्यान एवं प्रदर्शन।
5. डॉ. स्वर्णमालया गणेश द्वारा भरतनाट्यम् व्याख्याता का व्याख्यान एवं व्याख्यान।
6. श्री वाजिदी मोउआवाउ द्वारा नाट्यलेखन पर बातचीत।
7. ज्येन थोंपसन द्वारा लघु प्रदर्शन एवं कार्यशाला।
8. सुश्री तमर रबन द्वारा अभिनय कार्यशाला।

अंतिम वर्ष के परिकल्पना समूह के छात्रों की डिप्लोमा प्रस्तुति

1.	सुश्री पूजा नितिन वेदविख्यात	9 मई, 2018
2.	श्री अविजित सोलंकी	1 जून, 2018
3.	सुश्री अपूर्वा अनंगल्ली	26 जून, 2018
4.	श्री अजय कुमार	4 जुलाई, 2018
5.	श्री सुशील कांत मिश्रा	6 जुलाई, 2018

छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रमों के अंतर्गत विदेशी छात्रों का आवागमन

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली और द रॉयल अकादेमी ऑफ ड्रमेटिक आर्ट्स (राडा), लंदन के बीच आपसी समझौते के अंतर्गत दोनों रंगमंच संस्थान अपने–अपने विद्यार्थियों के आदान–प्रदान द्वारा रंगमंच के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए दोनों मित्र देश सहमत हो गए हैं।

शैक्षिक वर्ष 2018–2019 में राडा द्वारा 31 मार्च से 14 अप्रैल, 2019 की अवधि के बीच अपने चार छात्रों को वस्त्रसज्जा, प्रकाश व्यवस्था और मंच एवं रंगमंच प्रबंधन में विशेषज्ञ हेतु भारत भ्रमण पर भेजा गया। इनके नाम सुश्री कैटरिओन। लौरा ब्राडले, सुश्री लूसिया सेनशेज़ रोलडान, श्री डेविड रोबर्ट पुर्दि – स्मिथ एवं श्री रिचर्ड जोसेफ सेनटेंगेलो जो कि 31 मार्च, 2019 को दिल्ली पहुँचे। रानावि में की जाने वाले पूर्वाभ्यासों/कक्षाओं का अन्य शैक्षिक गतिविधियों में प्रेक्षक के रूप में प्रतिभागिता के साथ–साथ उन्होंने अहमदाबाद, गुजरात में दर्पण, एनआईजे आदि में रंगमंच की व्यावहारिक प्रक्रिया का प्रेक्षण, इसका अपमान एवं उसमें प्रतिभागिता की।

चार अध्ययन द्वारा श्री विवेक इमानेनी, सुश्री बाबी बरूआ, श्री सांगनिक चक्रबर्ती एवं श्री उज्जवल कुमार रानावि एवं राडा के मध्य छात्र अदला–बदली कार्यक्रम के एक अंश के रूप में 3–17 मार्च, 2019 तक रॉयल अकादेमी ऑफ ड्रामाटिक आर्ट्स (राडा) में गए।

रानावि छात्र यूनियन

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय छात्र यूनियन के विभिन्न पर वर्ष 2018–19 के लिए निम्नांकित छात्र चुने गए।

श्री हरि शंकर रवि	अध्यक्ष
श्री मयंकबॉम बोबा सिंह	सचिव
सुश्री श्रुति	सदस्य, शैक्षिक
सुश्री दक्षा शिरोडकर	कोषाध्यक्ष

चुने हुए कार्यालय धारकों का शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 31 अक्तूबर, 2018 को साधारण रूप में श्री सुरेश शर्मा, प्रभारी निदेशक, रा.ना.वि., जो कि रा.ना.वि. छात्र यूनियन के पदेन संरक्षक भी हैं, द्वारा संपन्न हुआ।

परीक्षाएं

अभिनय एवं रंगमंच तकनीकों और परिकल्पना में विशेषज्ञता करने वाले अंतिम वर्ष के छात्रों की सूची निम्न हैं जिन्होंने 23 जुलाई, 2018 को हुई अंतिम मौखिक परीक्षा दी।

अभिनय समूह

1. श्री परमानंद
2. श्री महादेव सिंह लखावत
3. सुश्री रचना गुप्ता
4. श्री अंकुर सक्सैना
5. श्री गुरमीत सिंह
6. सुश्री इंदिरा तिवारी
7. श्री पराग बरूआ
8. श्री राकेश कुमार वैथा
9. श्री सरफराज अली मिर्ज़ा
10. श्री रवि चहर
11. सुश्री देबाक्षी चक्रबर्ती
12. सुश्री मीनाक्षी थापा
13. श्री संजीव जैसवाल
14. सुश्री मीनू देवी उर्फ शालू यादव
15. सुश्री देबारति सिकदर
16. श्री जयंत राभा
17. श्री ख्वाएराकपम पुक्सिालेंबा मितेई
18. सुश्री भाग्यश्री टर्के
19. श्री राहुल कुमार

रंगमंच तकनीक एवं परिकल्पना समूह

20. श्री सुशील कांत मिश्रा

निर्देशन समूह

21. सुश्री पूजा नितिन वेदविख्यात
22. सुश्री अपूर्व अनंगल्ली
23. श्री अजय कुमार
24. श्री अविजित सोलंकी

छात्र
प्रस्तुतियां

छात्र प्रस्तुतियां

विद्यालय का प्रशिक्षण कार्यक्रम विस्तारयुक्त है, इसके अंतर्गत (i) कालजयी भारतीय एवं पाश्चात्य नाट्य परंपराएँ (ii) भारतीय पारंपरिक एवं लोक रंगमंच और (iii) भारत और विश्व के अन्य भागों की आधुनिक/समकालीन रंग-प्रवृत्तियाँ शामिल हैं।

I प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा प्रस्तुतियां

तिथि	नाटक का नाम	निर्देशक	स्थल
06-10.06.2018	राग दरबारी	श्री अमितेश ग्रोवर	बहुमुख
08-12.06.2018	नाचियो बहुत गोपाल	श्री आसिफ़ अली हैदर	अभिमंच

II द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा प्रस्तुतियां

तिथि	नाटक का नाम	निर्देशक	स्थल
01.09.2018	पारसी सीन वर्क	सुश्री हेमा सिंह	बहुमुख
07-08.09.2018	कुट्टिअट्टम (डेमो)	श्री जी. वेणु	अभिकल्प
14-16.11.2018	भगवद्अजिकम्	श्री सुरेश अनंगली	अभिकल्प
18.20.11.2018	प्रियदर्शिका	श्री के. एस. राजेन्द्रन	बहुमुख
13-16.01.2019	खेल पहेली	श्री बंसी कौल	अभिमंच

III तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा प्रस्तुतियां

तिथि	नाटक का नाम	निर्देशक	स्थल
27-30.09.2018	ए राइज़िन इन द सन	श्री अनिरूद्ध खुटवाड़	बहुमुख
28-30.09.2018	द वार जौन इज माई बेड	श्री शांतनु बोस	अभिमंच
03-06.12.2018	नाले वाले लड़की	सुश्री अनुराधा कपूर	बहुमुख
04-07.12.2018	तुरानडॉट एण्ड दि इट्रैक्चुअल	श्री रॉबिन दास	अभिमंच
25-30.01.2019	ब्लाइंड साइड	श्री अभिलाष पिल्लई	अभिमंच

IV डिप्लोमा प्रस्तुतियां 2018 (परिकल्पना एवं निर्देशन छात्रों द्वारा)

तिथि	नाटक का नाम	निर्देशक	स्थल
04.04.2018	1/12/1958	उज्ज्वल कुमार	अभिमंच
05.04.2018	बड़ी बुआ जी	सांगनिक चक्रवर्ती	अभिमंच
06.04.2018	रक्ष	दाक़द हुसैन	अभिमंच
07.04.2018	दि हाउस ऑफ अशर	गोगे बाम	बहुमुख
08.04.2018	डिरेल्ड	देवेन्द्र अहिरवार	मुक्तांगन
12.02.2019	दि वैकान्ट लॉट	श्री अपूर्वा अनंगलि	अभिमंच
14.02.2019	काला धब्बा बादल की तरह आ रहा है	श्री अभिजीत सौलंकी	मुक्तांगन
16.02.2019	अनक्राइप्शन	श्री सुशील कांत मिश्रा	अभिमंच
18.02.2019	रक्तबीज़	सुश्री पूजा एन. वेदविख्यात	मुक्तांगन
20.02.2019	प्राइवेसी	श्री अजय खत्री	अभिमंच

V डिप्लोमा प्रस्तुतियां 2018 (डिप्लोमा) (परीक्षाएं एवं पब्लिक शो)

तिथि	नाटक का नाम	निर्देशक	स्थल
08.05.2018	रक्तबीज	सुश्री पूजा एन. वेदविख्यात	बहुमुख
09.05.2018	रक्तबीज	सुश्री पूजा एन. वेदविख्यात	बहुमुख
01.06.2018	काला धब्बा बादल की तरह आ रहा है	श्री अविजित सोलंकी	चहुमुख
02.06.2018	काला धब्बा बादल की तरह आ रहा है	श्री अविजित सोलंकी	चहुमुख
23.06.2018	द वेकैंट लॉट	सुश्री अपूर्व अनंगल्ली	अभिमंच
24.06.2018	द वेकैंट लॉट	सुश्री अपूर्व अनंगल्ली	अभिमंच
29.06.2018	प्राइवेसी	श्री अजय खत्री	अभिमंच
30.06.2018	प्राइवेसी	श्री अजय खत्री	अभिमंच
06.07.2018	एन्क्रिप्शन	श्री सुशील मिश्रा	अभिमंच
07.07.2018	एन्क्रिप्शन	श्री सुशील मिश्रा	अभिमंच

I प्रथम वर्ष के छात्रों की प्रस्तुतियां

राग दरबारी

राग दरबारी की प्रस्तुति 6 से 10 जून, 2019 तक रानावि परिसर में स्थित बहुमुख सभागार में की गयी। नाटक का निर्देशन श्री अमितेश ग्रोवर द्वारा किया गया। सेट एवं वस्त्रसज्जा परिकल्पना सुश्री विदिशा पुरोहित द्वारा की गई। प्रकाश परिकल्पना श्री राजेश सिंह द्वारा की गई। 1950 के दशक के उत्तरार्ध में पूर्वी उत्तर-पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्थापित है और एक कालखण्ड का सरमाया है जब भारत नया-नया स्वतंत्र हुआ था। यह उसके फासले को सामने लाता है जो कि विकासशील भारत की भव्य नेहरूवादी दृष्टि और ग्रामीण राजनीति की भ्रष्ट मशीनों से परिचालित दीनहीन, चीकट भारत के गाँवों के बीच मौजूद है। तीन संस्थान- सहकारी संघ, ग्राम पंचायत और शैक्षणिक निकाय जो कि ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण धुरी है, आयुर्वेदिक डॉक्टर के वेश में स्थानीय नेता वैद्यजी के हाथों धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होने की कगार पर है। उनके दरबार से एक विसंगतिपूर्ण राग उभरता है, जो कटुतापूर्वक संस्थागत भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के प्रयासों और विकास की सभी संभावनाओं की विफलता को प्रतिध्वनित करता है। यह एक शहरी, शिक्षित महिला रंगना के अफसाने का बिल्डुंग्सरोमन उपन्यास की तर्ज पर कथाचान है जिसे दर्शक साफ-साफ पहचान सकता है, जो बीमारी ठीक करने के बहाने शिवपालगंज गाँव का दौरा करती है। पर होता क्या है ग्रामीण दुनियां जिसे एक शांति, स्वास्थ और सादगी का जीवन समझती थी उससे उनका मोहभंग हो जाता है। शिवपालगंज से भाग जाने की उनकी उत्कट इच्छा पर उपन्यास खत्म हो जाता है, इस एक टिप्पणी के साथ कि वर्तमान शिक्षा कैसे शिक्षित अभिजात वर्ग को राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों से दूर किए देती है।

नाचयो बहुत गोपाल

नाचयो बहुत गोपाल नाटक प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा अभिमंच प्रेक्षागृह, रानावि परिसर में 8 से 12 जून 2018 तक प्रस्तुत किया गया। नाटक का निर्देशन श्री आसिफ़ अली हैदर ने किया। संगीत संयोजन काजल घोष द्वारा किया गया। सैट की परिकल्पना श्री संदीप भट्टाचार्य द्वारा दी गई। श्री साउती चक्रवर्ती द्वारा प्रकाश परिकल्पना और सुश्री कीर्ति वी. शर्मा द्वारा वेशभूषा परिकल्पना की गई।

II द्वितीय वर्ष के छात्रों की प्रस्तुतियां

पारसी सीन वर्क

द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा **पारसी सीन वर्क** की प्रस्तुति 1 सितंबर 2018 को रानावि परिसर में स्थित बहुमुख सभागर में किया गया। यह सीन सुश्री हेमा सिंह द्वारा तैयार किया गया।

भगवदअज्जुकम्

भगवदअज्जुकम् का प्रदर्शन द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा 14 से 16 नवंबर, 2018 तक रानावि परिसर में स्थित अभिमंच सभागार में किया गया। नाटक की परिकल्पना एवं निर्देशन श्री सुरेश अनंगल्ली द्वारा किया गया। वस्त्रसज्जा सुश्री स्वीटी रूहेल द्वारा की

गई। प्रकाश परिकल्पना श्री अवतार सिंह सहनी द्वारा की गई। भगवद्अज्जुकम् बोधयान द्वारा पाँचवीं शताब्दी में लिखा गया एक ऐसा प्रहसन है जो कि भौतिकवाद और आध्यात्मिकता के बरक्स अरुचिकर सवालों पर बहस करने हेतु एक सन्यासी और एक वेश्या के बीच आत्माओं के आदान-प्रदान के एक विचित्र परिदृश्य की पड़ताल करता है। ऐसा लगता है कि लेखक द्वारा यह नाटक बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का उपहास करने के लिए रचा गया था- यह एक ऐसी प्रविधि थी जिसे उस धर्म की बढ़ती ज्वार को रोकने के लिए ब्राएणों द्वारा नियोजित किया गया था। यह प्रहसन व्यंग्यपूर्ण प्रकृति की दिलचस्प टिप्पणियों के साथ-साथ विनोदपूर्ण भी है। इसके प्रमुख पात्रों में एक परिवार का सन्यासी, उनका शिष्य शांडिल्य, जो कभी बौद्ध अनुयायी था, और एक युवा व सुंदर गणिका हैं। प्रहसन में न हिन्दू, न ही बौद्ध धर्म का अनुगमन करने पर विचार किया गया है, वरन भीख से जैसे-तैसे दो जून का भोजन प्राप्त हो जाए और उसके लिए कैसा भी बाना धारण करना पड़े इस पर विचार किया गया है। कई आलोचकों ने इस नाटक की इसलिए प्रशंसा की क्योंकि इसमें परमात्मन, जिवात्मन, अविद्या, मोह, सुषुम्ना नाड़ी, संकल्प और विकल्प आदि पात्रों और इनसे बढ़कर समय के रूप में यमदूत के माध्यम से नाड़ी और मंडला के प्रतीकात्मक संदर्भों के साथ इसका रूपाकार और गहन और अर्थपूर्ण हो जाता है।

प्रियदर्शिका

प्रियदर्शिका का प्रदर्शन द्वितीय वर्ष के छात्रों के साथ 18 से 20 नवंबर, 2018 तक रानावि परिसर में स्थित बहुमुख सभागार में किया गया। नाटक का निर्देशन प्रो. के. एस. राजेन्द्रन द्वारा किया गया। वस्त्रसज्जा सुश्री अंबा सान्याल द्वारा किया गया। सेट का डिज़ाइन श्री राजेश सिंह द्वारा किया गया। प्रकाश परिकल्पना श्री साउती चक्रवर्ती द्वारा की गई। नृत्य-संरचना श्री लोकेश भारद्वाज द्वारा की गई। श्री पी. वेट्री भूपति और श्री श्याम रस्तोगी द्वारा संगीत संरचना की गई। प्रियदर्शिका जिसे नाटक में आरण्यका कहा गया है को बालपन में राजा वत्स उद्यन की सभा में बंदी के रूप में लाया जाता है और तदुपरांत विवाह योग्य उम्र होने तक रानी वासवदत्ता की देखरेख में रखा जाता है। बाद में राजा उसके प्रेम में पड़ जाता है। इस बीच पता चला कि वह मित्र राजा द्रधवर्मन की पुत्री है, जिसे साल भर पहले एक दुश्मन द्वारा कैद कर लिया गया था, या उन्हें भी उसी समय कैद किया गया था। राजा वत्स कलिंगराज पर विजय प्राप्त कर सिंहासन द्रधवर्मन को लौटाता है। राजकुमारी प्रियदर्शिका जैसा कि बाद में पता चला कि यह राजकुमारी है इस आनन्दमय पल है। प्रियदर्शिका नाटक की उल्लेखनीय विशेषता 'नाटक के भीतर नाटक' का प्रभावी प्रयोग है, जहाँ राजा वत्स कार्य-व्यापार के एक अभिन्न अंग के तौर पर अपना चरित्र स्वयं अभिनीत करते हैं जिसे तकनीकी रूप से गर्भनाटक कहा जाता है।



खेल पहेली

खेल पहेली का प्रदर्शन द्वितीय वर्ष के छात्रों के द्वारा 13 से 16 जनवरी, 2019 तक स्थित अभिमंच सभागार में किया गया। नाटक की परिकल्पना श्री बंसी कौल द्वारा की गई। प्रकाश परिकल्पना साउती चक्रवर्ती द्वारा की गई। वस्त्रसज्जा परिकल्पना सुश्री नालिनी आर. जोशी द्वारा की गई। नृत्य संरचना श्री देब कुमार पॉल द्वारा की गई। खेल पहेली रबीन्द्रनाथ ठाकुर लिखित कौतुक या मनोरंजक कहानियों का एक ऐसा कोलाज है जो अंतत: उल्लास और उत्सव के एक निराले त्यौहार में बदल जाता है। जैसा कि कौतुक का चरित्र होता है उसकी हर कहानी व्यक्तियों, समुदायों और उस समाज जिसके वे अभिन्न अंग है, पर एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी में परिवर्तित हो जाती है। कहानियों के पात्र जीवित छवियों से बड़ी छवियों रचते हुए पाखंड और दोहरे मानकों के पक्ष में खड़े दिखाई देते हैं और एक चरमराई सामाजिक व्यवस्था को प्रतिबिम्बित करते हैं। यहाँ शब्द अभिव्यक्ति के विभिन्न गुणों को व्यक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिसके चलते प्रत्येक कहानी एक कैनवास में बदल जाती है, जिस पर शब्द चित्र उकेरे जाते हैं और जो नाटक के लिए सामग्री जुटाते हैं। जबकि दूसरी तरफ जिस शब्दों और स्थतियों का वर्णन वे करते हैं वह आख्यान, पाठ और गीत में विस्तारित होते रहते हैं, और आगे चलकर हावभाव या शरीरिक संकेतों में परिवर्तित हो जाते हैं। एक भांडों या गली-मोहल्लों में गाने वालों का दल किसी ऐसे उत्सव के बारे में मालूम करने आया है जिसमें राजा भाग लेने वाला है। उनके मन में राजा कौन है और कहीं है जैसे सवाल है जिनके चलते वो इस यात्रा पर आए हैं। वो रोजमर्रा की जिन्दगी की बहुत ही सामान्य स्थितियों के गवाह हैं। इस तरह अंतत: उन्हें एहसास होता है कि राजा और कोई नहीं बल्कि आप और मैं ही हैं... हम सब हैं। यह सब हैं। यह बेहतर जिन्दगी का एक आमफ़हम सपना है जिसे हम सबको देखना चाहिए और यथार्थ में उतारना चाहिए। इन कहानियों की परिस्थितियाँ एक तरह से शारीरिक हावभाव व मुद्राओं, मुखर ध्वनियों और ध्वनि पैटर्नों के अंतर्संबंधों द्वारा एक नैरेटिव गढ़ने का आधार बन जाती हैं। अंतर्संबंधों के यह धागे विभिन्न रूपांकनों के साथ एक चित्रयवनिका के ताने-बाने रचते हैं। चाहे वह पहली कहानी 'चिन्ताशील' का नरहरि नामक पात्र हो जो अपना अधिकांश समय रोजमर्रा की साधारण घटनाओं के बौद्धिकीकरण में बिता देता है या फिर हास्यव्यंग्य 'अंत्येष्टि संस्कार' में एक बुर्जुग के मरने के इंतजार की भयावह अधीरता हो; चाहे वह 'रोगीर बन्धु' में अपने स्वास्थ्य के बारे में अति-चिंतित और उत्तेजक तमाशबीनों की समस्या हो या फिर 'सूक्ष्म विचार' नामक कहानी में एक शराबी द्वारा जीवन की अत्यंत निराशाजनक दार्शनिक व्याख्या का कौतुक 'स्वर्गीय प्रहसन' में देवताओं और गंधर्वों के बीच का मतभेद, इस तरह हर एक कहानी एक शब्द पहेली है... सामाजिक व्यवस्था पर कुठाराघात है।

III तृतीय वर्ष के छात्रों की प्रस्तुतियां

ए रेज़िन इन द सन

ए रेज़िन इन द सन की प्रस्तुति तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा 27 से 30 सितंबर, 2018 तक रानावि परिसर में स्थित बहुमुख, सभागार में की गई। नाटक का निर्देशन एवं परिकल्पना श्री अनिरूद्ध खुटवाड़ द्वारा की गई। नाटक की वस्त्रसज्जा सुश्री स्वीटी रूहेले द्व ारा की गई। प्रकाश परिकल्पना श्री साउती चक्रबर्ती द्वारा की गई। लॉरैन हैंसबेरी लिखित 'अ रेज़िन इन द सन' नाटक सर्वप्रथम 1959 में ब्रॉडवे में प्रदर्शित हुआ था। इसका यह शीर्षक लैंगस्टन ५ूजेस की कविता 'हर्लेम' से लिया गया है जिसे 'अ ड्रीम डैफर्ड' के नाम से भी जाना जाता है। नाटक में एक अफ्रीकी-अमेरिकी परिवार है जिसमें ड्राइवर की नौकरी से बमुश्किल आजीविका चलाता वाल्टर यंगर, उसकी पत्नी रूथ, उनका बच्चा ट्रैविस, माँ लेना (मामा) और बहन बेनिथा दक्षिणी शिकागों के एक जीर्ण-शीर्ण और छोटे से अपार्टमैंट में रहते हैं।

वाल्टर और बेनिथा के पिता की हाल ही में मृत्यु हुई है इसलिए नाटक की शुरूआत में ममा और अन्य सदस्य लाइफ इंश्योरेंस से आने वाले 10,000 डॉलर के चैक की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वाल्टर उस पैसे से कुछ अलग करने की इच्छा रखता है जबकि ममा को उसके अल्कोहल स्टोर खोलने पर आपत्ति है। बेनिथा वाल्टर को कहती है कि वह ममा पर छोड़ दे कि वो उसे कैसे खर्च करती है।

जैसे-जैसे घटनाएं आगे बढ़ती है, शिकागो के वुडलॉन क्षेत्र में रह रहे इस परिवार के अनुवाद ज़ाहिर होने लगते हैं। बेहतर रिहाइश की उम्मीद में ममा बीमा के पैसे का कुछ हिस्सा उत्तरी शिकागो के क्लाइबर्न स्ट्रीट में, जहाँ सिर्फ गोरे रहते हैं, एक नया घर खरीदने के लिए खर्च कर देती है। इस बीच, क्लाइबर्न स्ट्रीट से एक गोरा प्रतिनिधि, कार्ल लिण्डनर, अंतर-नस्लीय आबादी के चलते संभावित तनाव से बचने के लिए उनके खरीदे हुए फ्लैट को पुनः खरीदने की एक उदार पेशकश करता है।

पैसे की कमी और जहालत, वित्तीय उतार-चढ़ाव के बीच लोगों के ताने सहते हुए यह परिवार आखिरकार स्व और अफ्रीकी-अमेरिकी गौरव से मुक्त हो अपने अधिकारों के लिए खड़ा हो जाता है और अपने अनिश्चित भविष्य का सामना करने का फैसला करता है।

द वॉर जोन इज माई बैड

द वॉर जोन इज माई बैड का प्रदर्शन तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा 28 से 30 सितंबर, 2018 को रानावि परिवार में स्थित अभिमंच सभागार में किया गया। नाटक का निर्देशन श्री शांतनु बोस द्वारा किया गया। प्रकाश परिकल्पना संगीत श्रीवास्तव द्वारा की गई। वस्त्रसज्जा परिकल्पना सुश्री नीतू वैद द्वारा की गई। मंच परिकल्पना श्री बालासुब्रमण्यम जी. यासमीन द्वारा की गई। ब्रेवरली रानावि के 'द वॉर ज़ोन इज़ माई बैड' और अन्य नाटकों में आध्यात्मिक विध्वंस और प्रिसिसिप्पी नदी के किनारे साराजीवों और काबुल के संघर्ष को तहस-नहस करनेसे छुटकारा दिलाने को दर्शाया गया है। रानावि के इस नाटक में राजनैतिक रूप से तैयार औरचलते हुए नाटक द्वारा संपूर्ण परिस्थितियों जीवित रहने की इच्छा और जीवित रह पाने को दर्शाता है। इस नाटक में, काबुल की एक दुखी और और बोसानियांकी एक पत्रकार भूलभुलैया की क्रूरता से संतुलन खोकर एक-दूसरे में सांत्वना तलाशती है। 'रिटर्निंग.' में सारा जीवों का एक पत्रकार अपनी भूमिका को विभाजित करता हुआ एक कलाकार और एक युद्ध पीड़ित के रूप में बाँटता है। 'बलड स्काई के एक रहस्यमय और क्रूरता भरी कॉल के द्वारा मानसिक आघात पहुँचाने वाली घटना को निशाना बनाया है। जैसे-जैसे जोली अपने जीवन को उन घटनाओं को पीछे मुड़कर देखती है उसका अतीत मंच पर जीवंत हो उठता है।

नाले वाली लड़की

नाले वाली लड़की नाले वाली लड़की की प्रस्तुति तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा उसे 6 दिसंबर, 2018 तक रानावि परिसर में की गई। नाटक का निर्देशन सुश्री अनुराधा कपूर द्वारा किया। प्रकाश परिकल्पना श्री दौलत वैद द्वारा की गई। संगीत-संरचना श्री चंदन वी. द्वारा की गई। दृश्यांकन श्री दीपन सिवारामन द्वारा किया गया। ये प्रस्तुति, ये परियोजना पाठक के शब्दों के प्रभावों के बारे में है, जैसा कि वे, एक समुदाय के जीवन पर पर्चों, पोस्टरों, होर्डिंगों, टिप्पणियों में दिखाई देते हैं। ये उस रास्ते की खोज के बारे में भी है कि किस तरह पाठ्य, व्यक्तिगत और सार्वजनिक संसारों के बीच पुल बाँधते हैं और दोनों पर ही प्रभाव डालते हैं। पाठ्य प्राय: अपनी अपेक्षित सीमाओं को लांघ जाते हैं, जब वे विभिन्न क्षेत्रों में गति करते हैं, और एक संवाद संचालन का माध्यम बनते हैं, वर्तमान खण के साथ कभी-कभी एक स्वगत कथन और एक एकालाप भी, क्या होता है उस समय जब पोस्टरों को किसी दीवार पर चिपकाया जाता है, हाथों से बाँटा जाता है, किसी सड़क पर बिछा, दिया जाता है, हवा में फेंक दिया जाता है, कीचड़ में रौंद दिया जाता है? क्या पोस्टरों को उड़ाना वैध है? अनुज्ञेय है? खतरनाक या उपेक्षणीय? क्या पर्चे बाँटने की चेष्टा नागरिक अवज्ञा का कृत्य है? आज के जगत में नागरिक अवज्ञा क्या है?

तुरानडॉट और इन्टलेक्चुअल्स

तुरानडॉट और इन्टलेक्चुअल्स की प्रस्तुति तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा 4 से 7 दिसंबर, 2018 तक रानावि परिसर में स्थित अभिमंच सभागार में की गई। नाटक का निर्देशन श्री रॉबिन दास द्वारा किया गया। नाटका अनुवाद श्री आसिफ अली हैदर द्वारा किया गया। प्रकाश परिकल्पना श्री अवतार साहनी द्वारा की गई। संगीत-संरचना सुश्री रत्ना पणिक्कर द्वारा की गई। धुन एवं पार्श्व संगीत श्री कवलम पद्मनाभन द्वारा तैयार किया गया। वस्त्रसज्जा सुश्री नलिनी आर. जोशी द्वारा की गई। सेट डिजाइन श्री राजेश बहल द्वारा किया गया। बर्टोल्ट ब्रेख्त के आखिरी पूर्ण नाटक, 'तुरानडॉट' या 'द व्हाइट वाशर्स कांग्रेस का प्रथम प्रदर्शन फरवरी 1969 में ज़्यूरिख शॉसपिलहॉस में हुआ। एक तरह से यह ब्रेख्त की खालिस कॉमेडी थी। यह नाटककार की उस धारणा को पुख्ता करती थी कि रंगमंच का पहला काम मनोरंजन करना है, तो वहीं दूसरा काम लोगों को शिक्षित करना भी है। यह नाटक 'द गुउ सोल ऑफ सेत्जुआन' की तरह नीतिकथाओं के देश चीन में ही स्थापित है और बौद्धिक भ्रशुनवजयटाचार के बारे में है। इसमें एक सम्राट, एक सफाईवाली, एक किसान, एक राजकुमारी तुरानडॉट और बड़ी संख्या में 'टुई- (टेलेक्ट-उल-इन) 'बौद्धिक' भ्रशुनवजयटाचार-उचय जिन्हें 1930 के दशक में लेखक ने उन वाम विचारकों को दिखाने के लिए गढ़ा जो उस वक्त 'बौद्धिक' विलास में लगे थे जब हिटलर क्रूरतापूर्वक सत्ता पर काबिज होने क कोशिश कर रहा था। आजादी की रक्षा के लिए 1935 में बनी कांग्रेस ने महान 'व्हाटवाशर्स कांग्रेस' को प्रेरित किया जो बाद में इस नाटक के केन्द्रबिन्दु और उपशीशुनवजर्याक के तौर पर स्थापित हुआ।

ब्लाइंड साइड

ब्लाइंड साइड की प्रस्तुति तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा 25 से 30 जनवरी, 2019 तक रानावि परिसर में स्थित अभिमंच सभागार में की गई। डिजीटल रूप में तैयर किया गया 'ब्लाइंड साइड' श्रीमोई पियु कुंडु द्वारा लिखे गए उपन्यास 'कट' पर आधारित है। नाटक का निर्देशन डॉ. अभिलाष पिल्लई द्वारा किया गया। प्रकाश परिकल्पना श्री हिमांशु बी. जोशी द्वारा की गई। वस्त्रसज्जा परिकल्पना सुश्री कृति बी. शर्मा द्वारा की गई।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (सीईपी)

संस्कृति मंत्रालय के साँस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों/संकाय सदस्यों/स्टाफ सदस्यों द्वारा अपनी प्रस्तुतियों के साथ विदेशों में जाते हैं और उन देशों में आयेजित होने वाले समारोहों और संगोष्ठियों में प्रतिभागिता करते हैं ।

रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान साँस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नांकित अंतर्राष्ट्रीय साँस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किये गए जिनका विवरण निम्न प्रकार से है :-

- छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत 13से 29 अप्रैल, 2018 तक रॉयल अकादेमी ऑफ़ ड्रामाटिक आर्ट्स (राडा), से 4 छात्रों के मंडल द्वारा रानावि का दौरा किया गया।
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ थियेटर आर्ट्स, मॉस्को, रूस द्वारा 29 मई से 4 जून, 2018 तक ब्रिक्स देशों के नाट्य समारोह में भाग लेने के लिए संकाय/छात्रों आदि के 9 सदस्यों की मंडली को भेजा गया।
- छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत 3 से 14 मार्च, 2019 तक रॉयल अकादेमी ऑफ़ ड्रामाटिक आर्ट्स (राडा), लंदन में 4 छात्रों के मंडल को भेजा गया।
- रा.ना.वि. और एनसेट के साथ सहयोग के बारे में विचार-विमर्श करने के लिए इंस्टीट्यूट फ्रेंके इस से 3 सदस्यों के मंडल ने 27 मार्च, 2019 को रा.ना.वि. का दौरा किया।
- डेप्यूटी हैड ऑफ द मिशन एंबेसी ऑफ रिपब्लिक ऑफ क्यूबा और प्रभारी निदेशक रा.ना.वि., शांतनु बोस, डीन (शैक्षिक मामले) और डॉ. अभिलाष पिल्लई, सीईपी प्रभारी के बीच 2 अप्रैल 2019 को रा.ना.वि. के साथ सहयोग के बारे में विचार-विमर्श किया गया।
- छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम के एक अंश के रूप में 31 मार्च से अप्रैल, 2019 की अवधि के दौरान रॉयल अकादेमी और ड्रामाटिक आर्ट्स (राडा), लंदन से 4 छात्रों की मंडली द्वारा रा.ना.वि. का दौरा किया गया।
- रॉयल अकादेमी आफ ड्रामाटिक आर्ट (राडा), लंदन से आए श्री नील फ्रेज़र, लाईटिंग और मैट लेवेन्थेल के तकनीकी प्रशिक्षण के निदेशक और प्रमुख द्वारा रा.ना.वि. का दौरा किया गया और कक्षाएं संयोजित की गई।
- रा.ना.वि. द्वारा आयोजित 8वें थियेटर ओलम्पिक्स के वर्ल्ड थिएटर फोरम में वक्ता के रूप में प्रतिभागिता करने के लिए जर्मनी, लंदन, उरूग्वे, स्पेन से सदस्यों को आमंत्रित किया गया।
- रा.ना.वि. द्वारा आयोजित 20वें भारत रंग महोत्सव के वर्ल्ड थिएटर फोरम में भाग लेने के लिए उरूग्वे, नीदरलैंड, आस्ट्रिया, स्विटजरलैंड, फ्रांस, जर्मनी से सदस्यों को आमंत्रित किया गया।

रंगमंडल

रंगमंडल

रंगमंडल विद्यालय का एक नियमित प्रस्तुति स्कंध है। इसकी स्थापना केवल चार सदस्यों के साथ, 1964 में हुई थी। इसका उद्देश्य जहाँ एक ओर पेशेवर रंगमंच को स्थापित करना था वहीं दूसरी ओर नए-नए प्रयोगों को जारी रखना भी था।

वर्ष 1964, में स्वर्गीय ओम शिवपुरी ने कंपनी की शुरूआत की और वर्ल्ा 1977 में रंगमंडल एक पूर्ण इकाई बना जिसके नियमित नाट्य दल में आठ नए कलाकार शामिल हुए। रंगमंच और सिनेमा को समर्पित स्व. श्री मनोहर सिंह रंगमंडल के प्रथम प्रमुख थे।

विकास

दिल्ली में नियमित रूप से नाटकों का मंचन करने के अतिरिक्त रंगमंडल देश-विदेश के विभिन्न भागों में दौरे कर नाटक प्रस्तुत करता है।

वर्तमान में रंगमंडल में एक रंगमंडल प्रमुख, श्री सुरेश शर्मा और 20 नियमित कलाकार हैं। इन नियमित कलाकारों को कई अनियमित कलाकारों का पूर्ण सहयोग प्राप्त रहता है जो अधिकतर रा.ना.वि. के स्नातक ही हैं, और इन्हें प्रशासनिक और तकनीकी स्टाफ की टीम सहयोग करती है। अब तक रंगमंडल लगभग हर प्रकार की नाट्य-प्रस्तुतियां कर चुका है जिनमें शैलीबद्ध संगीतमय प्रस्तुतियों से लेकर समकालीन यथार्थवादी भारतीय नाटक, विदेशी नाटकों के अनुवाद व रूपांतरण भी शामिल हैं। रंगमंडल के कई कलाकार रंगमंच, सिनेमा और टी.वी. के जाने-माने कलाकारों के रूप में उभरे हैं।

रंगमंडल देश-भर का व्यापक दौरा कर चुका है और जर्मनी, पोलैंड, ब्रिटेन, नेपाल, मॉरिशस, चीन और बांग्लादेश की कई सफल यात्राएं भी कर चुका है।

नए नाटक

तिथि	नाटक	निर्देशक	नाटककार	स्थान
18 – 20 जनवरी, 2019	जात ही पूछो साधु की	श्री राजिन्दर नाथ	श्री विजय तेंदुलकर	सम्मुख

ग्रीष्मकालीन रंगमंच समारोह, 2018

तिथि	नाटक	निर्देशक	नाटककार	स्थान
23 – 25 मई एवं 6 जून, 2018	ताजमहल का टेंडर	श्री चित्तरंजन त्रिपाठी	श्री अजय शुक्ला	सम्मुख, रानावि
7 जून, 2018	बायन	सुश्री उषा गांगुली	सुश्री माहेश्वरी देवी	कमानी, रानावि
8 जून, 2018	गज़ब तेरी अदा	प्रो. वामन केन्द्रे	प्रो. वामन केन्द्रे	कमानी, रानावि
9 जून, 2018	ख़ामोशी सीली सीली	प्रो. सुरेश शर्मा	श्री जोसेफ स्टेन	कमानी, रानावि
10 जून, 2018	घासीराम कोतवाल	श्री राजिन्दर नाथ	श्री विजय तेंदुलकर	कमानी, रानावि

16 जून, 2018	गज़ब तेरी अदा	प्रो. वामन केन्द्रे	प्रो. वामन केन्द्रे	डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर विश्वविद्यालय, औरंगाबाद
17 जून, 2018	ताजमहल का टेंडर	श्री चित्तरंजन त्रिपाठी	श्री अजय शुक्ला	
18 जून, 2018	बायन	सुश्री उषा गांगुली	सुश्री माहेश्वरी देवी	
19 जून, 2018	ख़ामोशी सीली सीली	प्रो. सुरेश शर्मा	श्री जोसेफ स्टेन	
20 जून, 2018	घासीराम कोतवाल	श्री राजिन्दर नाथ	श्री विजय तेंदुलकर	

साप्ताहांत रंगमंच समारोह

तिथि	नाटक	निर्देशक	नाटककार	स्थान
14 – 16 सितंबर, 2018	गज़ब तेरी अदा	प्रो. वामन केन्द्रे	प्रो. वामन केन्द्रे	सम्मुख
28 – 30 सितंबर, 2018	बायन	सुश्री उषा गांगुली	सुश्री माहेश्वरी देवी	सम्मुख
12 – 14 अक्तूबर, 2018	ताजमहल का टेंडर	श्री चित्तरंजन त्रिपाठी	श्री अजय शुक्ला	सम्मुख
26 –28 अक्तूबर, 2018	ख़ामोशी सीली सीली	प्रो. सुरेश शर्मा	श्री जोसेफ स्टेन	सम्मुख
18 – 20 जनवरी, 2019	जात ही पूछो साधु की	श्री राजिन्दर नाथ	श्री विजय तेंदुलकर	सम्मुख
26 एवं 27 जनवरी, 2019	ताजमहल का टेंडर	श्री चित्तरंजन त्रिपाठी	श्री अजय शुक्ला	सम्मुख

प्रायोजकों के अंतर्गत दिल्ली के बाहर मंचित किए गए प्रदर्शन

तिथि	नाटक	निर्देशक	प्रायोजक	स्थान
2 सितंबर, 2018	ख़ामोशी सीलि सीली	प्रो. सुरेश शर्मा	भारत भवन, भोपाल	भारत भवन, भोपाल
8 अक्तूबर, 2018	ख़ामोशी सीलि सीली	प्रो. सुरेश शर्मा		अभिमंच सभागार
9 अक्तूबर, 2018	गज़ब तेरी अदा	प्रो. वामन केन्द्रे		अभिमंच सभागार
17 दिसंबर, 2018	ख़ामोशी सीलि सीली	प्रो. सुरेश शर्मा		अकेडमिक ऑफ फाइन आर्ट
6 जनवरी, 2019	ख़ामोशी सीलि सीली	प्रो. सुरेश शर्मा	तेजपुर, असम	डायरेक्ट लाइब्रेरी
8 जनवरी, 2019	गज़ब तेरी अदा	प्रो. वामन केन्द्रे	गौमुख, असम	असम नाट्य फेस्टिवल
9 जनवरी, 2019	ख़ामोशी सीलि सीली	प्रो. सुरेश शर्मा	गौमुख, असम	असम नाट्य फेस्टिवल

नए नाटक

जात ही पूछो साधु की का प्रदर्शन रानावि रंगमंडल द्वारा 18 से 20 जनवरी, 2019 तक सम्मुख सभागार, रानावि परिसर में किया गया। नाट्य लेखन व श्री विजय तेंदुलकर द्वारा किया गया। नाटक की परिकल्पना श्री राजिन्दर नाथ द्वारा की गई। वस्त्र सज्जा सुश्री दक्षा शर्मा और द्वारिका दहिया द्वारा की गई। प्रकाश परिकल्पना श्री गोविन्द यादव द्वारा की गई। यह नाटक महीपत के लम्बे कथन के साथ प्रारम्भ होता है, जिसमें वो अपने जीवन का ताना-बाना बुनता है। उसका एकमात्र लक्ष्य एम. ए. की परीक्षा उत्तीय करना था और उसे इस बात का कोई दु:ख नहीं कि वो तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ। अनगिनत इंकारों का मुक़ाबला करने के बाद, वो सिफ़रिशी की पढ़ाई शुरू कर देता है, जो आज के जीवन का सर्वश्रेष्ठ हथियार है। एकमात्र प्रत्याशी होने के कारण महीपत स्वर्गीय माताजी गयाबाई सूतराम कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में लेक्चचार के पद पर नियुक्त हो जाता है। नाटक के अंत तक महीपत पुन: अपनी पुरानी सूरत-हाल में वापिस आ जाता है, एक पढ़ा-लिखा बेरोज़गार! परन्तु इससे पहले कि नलिनी द्वारा उसके पर काट दिए जाते उसके चाचा और महाविद्यालय का स्टाफ साथ ही आवारा छात्र जिनके वश में वह आरंभ में हो गया था और उनका दोस्त भी बन गया था।

संस्कार रंग टोली (टीआई ई कं.)

संस्कार रंग टोली (टीआई ई कं.)

उत्पत्ति

हालांकि देश में ऐसे अनेक बच्चे हैं जो रंगमंच को सीखने और इसे करने के ज़ज्बे से भरे हुए हैं और नाट्यकला के लिए उनमें बेहद जोश है, परन्तु उन्हें औपचारिक रंगमंच प्रशिक्षण देने और इस क्षेत्र में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई संस्थान नहीं है। इन परिस्थितियों में बच्चों की विकासात्मक, शैक्षिक और सृजनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य के साथ अलग-अलग आयु वर्गों के बच्चों के बीच रंगमंच को बढ़ावा देना राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का एक अनिवार्य लक्ष्य बन गया है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए नियमित आधार पर बच्चों के लिए और बच्चों के साथ काम करने वाले अभिनेताओं/शिक्षकों के समूह वाली एक रंगमंच कंपनी 16 अक्तूबर, 1989 को स्थापित की गई। इस कम्पनी को 'थिएटर-इन-एजुकेशन कम्पनी' का नाम दिया गया था और बाद में इसका नाम 'संस्कार रंग टोली' रखा गया।

अप्रैल 2018 से मार्च 2019 तक गत वर्ष के दौरान टोली द्वारा की गई नियमित गतिविधियों का विवरण निम्न है :

अप्रैल 2018 से जनवरी 2019

1. संस्कार रंग टोली द्वारा कार्तिक?।'' आदि पार समंदर नाटकों के प्रदर्शन 18-25 अप्रैल 2018 तक दिल्ली और एन सी आर के विभिन्न स्कूलों में किए गए।
2. 'किस्से सूझ-बूझ के' नाटक के शो 10-20 सितंबर, 2018 तक दिल्ली और एन सी आर के विभिन्न स्कूलों में किए गए।
3. 'किस्से सूझ-बूझ के' के नाटक के शो 01 से 06 अक्तूबर, 2018 तक दिल्ली एवं एन सी आर के विभिन्न स्कूलों में किए गए।
4. 'किस्से सूझ-बूझ के' 07 अक्तूबर से 5 नवंबर, 2018 तक दिल्ली एवं एन सी आर के विभिन्न स्कूलों में किए गए।
5. 6-17 दिसंबर तक उत्तर-पूर्व, गुवाहाटी, असम में विभिन्न स्कूलों के छात्रों के लिए किए गए।
6. दिल्ली और दिल्ली के आस-पास के विभिन्न स्कूलों में 15 जनवरी से 27 जनवरी 2018 तक 'किस्से सूझ बूझ के' और 'पार समंदर' के शो प्रस्तुत किए गए।

ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला-2018
(अप्रैल से जून 2018 तक)

ग्रीष्मकालीन रंगमंचीय कार्यशाला 2018 के लिए आवेदन मंगवाए गए और परिणामस्वरूप 1522 बच्चों ने आवेदन किया। दिल्ली और एन सी आर में 09 कार्यशाला केन्द्रों, बच्चों के कुछ 24 समूह बनाए गए कुल 24×30 = 720 बच्चों ने भाग लिया कार्यशालाओं का आयोजन 2-6 मई, 2018 तक व केन्द्रों में बातचीत के सत्रों के साथ आयोजित की गई। 09 केन्द्रों ने कार्यशाला का आयोजन 18 मई से 17 जून, 2018 तक किया गया।

ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला 2018 के केन्द्रों के नाम

1. लेडी इरविन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, श्रीमंत माधव राव सिन्धिया मार्ग, नई दिल्ली - 110001
2. लेडी इरविन प्राइमरी स्कूल, श्रीनिवासपुरी, ब्लॉक डी, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली - 49

3. ग्रीनवे माडर्न सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, दिलशाद गार्डन, नई दिल्ली - 95
4. देव समाज मॉडर्न स्कूल, सुखदेव विहार, ओखला, नई दिल्ली - 25
5. भारती पब्लिक स्कूल, मयूर विहार फेज-3, नई दिल्ली-96
6. राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय, हरि नगर, मायापुरी रोड, नई दिल्ली - 110064
7. राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय, बीटी ब्लॉक शालीमार बाग, नई दिल्ली - 110088
8. सैंट ज़ेवियर हाई स्कूल, रोजवुड सिटी, सैक्टर 49-50, मेन गोल्फ कोर्स, एक्सटैंशन रोड, गुरूग्राम, हरियाणा - 122018
9. कैंम्ब्रिज स्कूल जूनियर विंग, नियर विनायक हॉस्पिटल, गौतम बुद्ध नगर, सैक्टर-27, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301

उत्तर-पूर्व ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला-2018
(1 से 29 जुलाई 2018)

- ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला का आयोजन गुवाहाटी, असम के 4 विभिन्न स्कूलों 1 से 29 जुलाई, 2018 तक आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विभिन्न आयु वर्ग के 10 समूह बनाए गए। इस कार्यशाला में कुल 300 बच्चों ने इस कार्यशाला में प्रतिभागिता की।

संडे क्लब पार्ट - I और II की कक्षाएं 18 और 19 अगस्त, 2018 से आरंभ हुई और इन कक्षाओं का आयोजन 21 दिसंबर से 8 जनवरी 2019 तक प्रति शनिवार एवं रविवार को आयोजित की गई।

शिक्षकों के साथ कार्यशाला -

सितंबर, 2018 को राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय, हरि नगर, मायापुरी रोड, नई दिल्ली - 44 के शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कार्यशालाएं आयोजित की गई जिसमें सभी टाई कलाकारों ने प्रतिभागिता की गई।

बच्चों के एक रंगमंच समारोह जश्नेबचपन के 14वें संस्करण का उद्घाटन
(17 - 25 नवंबर, 2018)

प्रत्येक वर्ष के एकांतर पर रानावि संस्कार रंग टोली बच्चों के लिए जश्नेबचपन (बच्चों के लिए अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच उत्सव) का आयोजन करती है जिसमें रंगमंच समूह बच्चों के लिए और बच्चों के साथ काम करते हैं, उनके कार्यों को इस समारोह में प्रदर्शित किया जाता है। ये रंगमंच ग्रुप देश भर से विभिन्न क्षेत्रों और भाषाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रख्यात और उभरते हुए रंगमंच निर्देशक और प्रतिष्ठित रंगमंच समूह जो बच्चों के साथ और बच्चों के लिए कार्य करते हैं, अपनी पूर्ण प्रस्तुतियों के साथ समारोह में प्रतिभागिता करते हैं।

17 नवंबर, 2018 को सायं 5.30 बजे डॉ. लाइक हुसैन के मार्गदर्शन में मणिपुर, राजस्थान, ओडीशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के विभिन्न कलाकारों द्वारा 'उड़ान' नाम की प्रस्तुति रानावि मुक्तांगन में की गई। समारोह का आयोजन सम्मुख, अभिमंच, अभिकल्प और लिटिल थियेटर ग्रुप (एलटीजी) सभागार, दिल्ली में किया गया। नौ दिनों तक चले रंगमंच के शानदार समारोह में बच्चों ने भारत और तीन विदेशी समूहों की 21 प्रस्तुतियां देखें जिनमें श्रीलंका (गैर-शाब्दिक) स्विटजरलैंड (अंग्रेज़ी) एवं इंडोनेशिया जीवानीस इसका मुख्य उद्देश्य रंगमंच को उसकी प्रधानता वापिस दिलाना है जो कि आधुनिक युग में डिजीटल माध्यम के आने के कारण मद्धम हो गई थी। इसका उद्देश्य यह भी था कि बच्चों को रंगमंच के प्रति जागरूक बनाया जाए जैसा कि स्कूलों में रंगमंच एक विषय के रूप में नहीं रहता है। समारोह के दौरान होने वाले नाटकों को चार वर्गों में बांटा गया था - बच्चों द्वारा बच्चों और व्यस्कों द्वारा, व्यस्कों द्वारा बच्चों के लिए और कठपुतली की प्रतिनिधि महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों से आई 221 प्रविष्टियों में से कुल 24 समूहों को चुना गया। नाटकों का मंचन देशी भाषाओं में किया गया जिसमें बंगाली, असमियां और मलयालम गैर-शाब्दिक के अतिरिक्त, अंग्रेज़ी, हिन्दी एवं अन्य

विदेशी भाषाऐं शामिल है। समारोह में असम (बिहू), सिक्किम (लॉयन डांस), नागालैंड (काबुल नागा डांस) एवं मणिपुर (स्टिक बैलेंस) के नृत्य मुख्य आकर्षण थे। समारोह के दौरान 24 और 25 नवंबर, 2018 को दो दिनों की सेमिनार किया गया।

संडे क्लब 2018 : संडे क्लब पार्ट-I और पार्ट- II में किया। संडे क्लब का आपसी बच्चों के सत्र उसे 5 अगस्त, 2018 तक आयोजित किए गए।

- बच्चों द्वारा तैयार किए गए नाटकों के एक नाट्योत्सव का मंचन 5-15 जनवरी 2019 तक एलटीजी सभागार कॉपरनिक्स मार्ग, नई दिल्ली में किया गया।

गुवाहाटी दौरा : संस्कार रंगटोली को दो नाटकों 'पार समन्दर' और 'किस्से सूझ-बूझ के' का प्रदर्शन 4-14 दिसंबर, 2018 तक के दौरे में उत्तर-पूर्व गुवाहाटी में किया गया। दोनों नाटकों के कुल सात शो किए गए।

- उत्तर-पूर्व के दौरे के लिए स्थानीय समन्वयक के रूप में श्री ज्योति नारायण नाथ और सहायक के रूप में श्री मीता बोरा को नियुक्त किया गया।
- 'पार समंदर' और 'किस्से सूझ-बूझ के' के शो विभिन्न स्कूलों के बच्चों के लोगों और संस्थानों ने लिए दिनांक 6-13 दिसंबर, 2018 तक किए गए।

नई प्रस्तुति 2019

- बबला और बापू @ साबरमती आश्रम संस्कार रंग टोली के कलाकारों के साथ 25 फरवरी से 31 मार्च, 2019 तक के बीच श्री एम के रैना के निर्देशन में एक नई प्रस्तुति तैयार की गई।
- डिब्रूगढ़ असम में एक कार्यशाला - 2018 - संस्कार रंग टोली द्वारा 01 से 03 मार्च 2019 तक बच्चों के साथ उत्तर-पूर्व, असम, डिब्रूगढ़ में 1-30 मार्च, 2019 तक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संस्कार रंग टोली द्वारा 1-30 मार्च 2018 तक शिव सागर, असम तक बच्चों के साथ कार्यशाला आयोजित की गई। शिक्षकों के लिए बारपेटा, उत्तर-पूर्व, असम में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। एम.एड., बी. एड और बी.एलडी के छात्रों के लिए जिला बारपेटा, असम, उत्तर-पूर्व में संस्कार रंग टोली द्वारा 13-28 मार्च, 2018 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विस्तार कार्यक्रम

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय अपने छात्रों को 3 वर्षीय डिप्लोमा के लिए एकीकृत प्रशिक्षण उपलब्ध कराता है। इस पाठ्यक्रम में प्रतिवर्ष सीमित छात्रों को ही प्रवेश दिया जाता है, जबकि आवेदकों की संख्या सैकड़ों में रहती है। कई तरह की प्रत्यक्ष बाधाओं के कारण विविध राज्यों में रहने वाले विभिन्न भाषाओं और सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों वाले अधिकांश रंग कलाकार रा. ना.वि. द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से लाभान्वित नहीं हो पाते, इसलिए उन रंगकर्मियों तक पहुँचने और पूरे भारत में रंगमंच के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ने 1978 में स्थानीय भाषाओं में 'विस्तार कार्यक्रम' नामक एक अल्पकालीन शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया। इस कार्यक्रम के एक भाग के रूप में स्थानीय एजेंसियों के सहयोग से प्रस्तुतिपरक् रंगमंच कार्यशालाएं, प्रस्तुतिपरक् बाल रंगमंच कार्यशालाएं, रंगमंच आदि पर शिक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाते हैं। इस कार्यक्रम को यथासंभव व्यापक बनाने के प्रयास किए गए हैं ताकि इसे देश के सभी क्षेत्रों तक ले जाया जा सके, विशेष रूप से उन क्षेत्रों तक जो कि ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में हैं।

शैक्षिक वर्ष 2018–19 के दौरान रा.ना.वि. के विस्तार कार्यक्रम द्वारा निम्न कार्यशालाओं का संचालन किया गया :

01/04/2018 से 31/03/2019 तक संचालित रंगमंच कार्यशालाओं की सूची

क्रम सं.	प्रोजेक्ट/कार्यशालाएं	सहयोगी संस्था	कार्यशाला की अवधि
1.	रानावि, नई दिल्ली में 9वीं अभिनयपरक रंगमंच कार्यशाला	रानावि द्वारा स्वयं संचालित	02/06/2018 से 09/06/2018 तक
2.	भिलाई (छत्तीसगढ़) में रंगमंच कार्यशाला	संस्कार भारती, रायपुर (छत्तीसगढ़)	17/06/2018 से 08/07/2018 तक
3.	अहमदाबाद, गुजरात में 15 दिवसीय रंगमंच परिकल्पना कार्यशाला	जे. जी. कॉलेज ऑफ परफोर्मेस आर्ट्स, अहमदाबाद	25/12/2018 से 08/01/2019 तक
4.	संगीत नाटक अकादमी, मेघदूत थियेटर, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली में 30 दिनों की रंगमंच कार्यशाला	रानावि द्वारा आयोजित	15/01/2019 से 14/02/2019 तक
5.	सागर, कर्नाटक में 15 दिवसीय परिकल्पना सह तकनीकी कार्यशाला	अनंथरंगा ट्रस्ट रेघ जिला, सागर, कर्नाटक	11/02/2019 से 25/02/2019 तक
6.	तुमरी, कर्नाटक में 21 दिवसीय प्रस्तुति सह तकनीकी रंगमंच कार्यशाला	किन्नर मेला तुमरी, जिला सागर, कर्नाटक	27/02/2019 से 19/03/2019 तक
7.	भुवनेश्वर, के निकट (ओडीशा) नाट्यग्राम में प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	नाट्य चेतना ग्रुप, भुवनेश्वर (उड़ीशा)	05/03/2019 से 04/04/2019 तक
8.	पोर्ट ब्लेयर (अंडमान निकोबार) में प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	कला केन्द्र, ए एवं एन आइसलैंड सोसायटी फॉर प्रोमोशन ऑफ आर्ट ऐण्ड कल्चर, पोर्ट ब्लेयर	10/03/2019 से 07/04/2019 तक
9.	देहरादून (उत्तराखंड) में प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	शैलनेट, स्थानीय समूह देहरादून (उत्तराखंड)	08/03/2019 से 07/04/2019 तक
10.	कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में 15 दिवसीय तकनीकी रंगमंच कार्यशाला	रंगकर्मी	16/03/2019 से 31/03/2019 तक

01/04/2018 से 31/03/2019 तक संचालित रंगमंच कार्यशालाओं की सूची

क्रम सं.	प्रोजेक्ट/कार्यशालाएं	सहयोगी संस्था	कार्यशाला की अवधि
1.	हतबोर, जिला नगांव, असम में 30 दिवसीय प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	चित्रलेखा नाट्य प्रस्तुति, हतबोर जिला नगांव, असम	25/01/2019 से 23/02/2019 तक
2.	रानावि के अंतर्गत उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों और अन्य क्षेत्रों में 25 नाटक प्रदर्शित किए गए, उत्तर-पूर्व क्षेत्र के लिए 5 शो दौरे योजना के लिए ईपीडी	राज्यों के स्थानीय समूह से	इसका आरंभ दिसंबर, 2018 से हुआ और यह जनवरी, 2019 तक संचालित किया गया।
3.	इंफाल, मणिपुर में 30 दिसवीय प्रस्तुतिप. रक रंगमंच कार्यशाला	द इंफाल थियेटर, मणिपुर	01/02/2019 से 03/02/2019 तक
4.	कामरूप, जिला गुवाहाटी (असम) में अभिनय सीन वर्क थियेटर की 21 दिवसीय कार्यशाला	क्रिएटोविस्टा सोसायटी कामरूप जिला गुवाहाटी, असम	01/02/2019 से 21/02/2019 तक
5	रानावि के अंतर्गत उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों और अन्य राज्यों में 25 नाटक मंचित किए गए, उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए 5 शो दौरे प्रोजेक्टों के लिए ईपीडी	राज्यों के स्थानीय समूहों द्वारा	दिसंबर 2018 से जनवरी 2019
6	दीमापुर (नागालैंड) नोहाटा ग्राम में प्रस्तु. तिपरक रंगमंच कार्यशाला	जोय थिएटर स्कूल ऑफ मिनिस्ट्री (नागालैंड)	05/03/2019 से 04/04/2019 तक
7	टांगला (असम) में 15 दिवसीय तकनी. की रंगमंच कार्यशाला	दिपोन द मिरर, टांगला, असम	15/03/2019 से 30/03/2019 तक
8	गुवाहाटी (असम) में बच्चों की रंगमंच कार्यशाला	जिरसांग थियेटर ग्रुप	15/03/2019 से 07/04/2019 तक
9	लोहारगढ़ जिला कामरूप (असम) में प्रस्. तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	रानावि स्नातक एवं स्थानीय सहयोग से	18/03/2019 से 21/04/2019 तक
10	बासर जिला (अरूणांचल प्रदेश) में प्रसतुति रंगमंच कार्यशाला	रानावि स्नातक एवं स्थानीय सहयोग से	20/03/2019 से 18/04/2019 तक
11	सोनपुर (असम) में 10 दिवसीय तकनीकी कार्यशाला	असम नाट्य सम्मेलन एवं सोनपुर कॉलेज, सोनपुर (असम)	27/03/2019 से 05/04/2019 तक
12	रानावि के अंतर्गत उत्तर-पूर्व क्षेत्रों और अन्य राज्यों में 25 नाटकों का प्रदर्शन उत्तर-पूर्व क्षेत्र के लिए 5 शो दौरे योजना के लिए ईपीडी	राज्यों के स्थानीय समूह से	इसका आरंभ जनवरी, 2019 से मार्च, 2019 तक संचालित किया गया।

राजभाषा विभाग

अप्रैल, 2018 से मार्च, 2019 तक राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

- **टिप्पण प्रारूपण विषय पर कार्यशाला :** कार्यालयी कार्यों में टिप्पण-प्रारूपण की महत्ता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में दिनांक 7 जुलाई, 2018 को संस्कृति मंत्रालय से निदेशक (रा.भा.), श्री वी. पी. गौड़ को कार्यशाला विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। श्री गौड़ ने टिप्पण-प्रारूपण विषय पर प्रतिभागियों को व्यावहारिक रूप से जानकारी दी। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- **हिन्दी उत्सव - 2018:** विद्यालय में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 17-28 सितंबर, 2018 तक 'हिन्दी उत्सव' मनाया गया, जिसमें निम्न प्रतियोगिताएं जैसे:

  भाव संरचना, सुलेख एवं श्रुतलेख, शुद्ध हिन्दी वार्तालाप, पहेली प्रतियोगिता, राजभाषा प्रश्नोत्तरी एवं सामान्य ज्ञान, कार्यालयी अनुवाद, बात तस्वीर की एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई।

  प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने के लिए और एक प्रतिस्पर्द्धा का वातावरण बनाने के लिए उपरोक्त कार्यक्रम में क्रमश: 3100/-, 2500/-, 2100/- और 1500/- राशि के प्रथम, द्वितीय, तृतीय और प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

- **'राजभाषा कार्यान्वयन विषय' पर कार्यशाला :** कार्यालयी कर्मचारियों को राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी जानकारी देने हेतु दिनांक 17 सितंबर, 2018 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संस्कृति मंत्रालय से निदेशक (रा.भा.), श्री वी. पी. गौड़ द्वारा प्रतिभागियों को राजभाषा कार्यान्वयन विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

- **'हिन्दी बहुत सरल है प्रयोग करके तो देखिए' विषय पर कार्यशाला :** उक्त विषय पर विद्यालय में दिनांक 4 दिसंबर, 2018 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में डॉ. विमलेश कांति वर्मा को आमंत्रित किया गया जिन्होंने अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी के सहज प्रयोग करने के सरल एवं सटीक गुण सिखाए। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।

- **'हिन्दी में सृजनात्मक नवलेखन' विषय पर कार्यशाला :** उक्त विषय पर दिनांक 25 मार्च, 2019 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जसमें प्रतिभागियों को हिन्दी में रचना लेखन पर व्यावहारिक रूप से जानकारी दी गई।

प्रकाशन कार्यक्रम

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का प्रकाशन एकक रंगमंच विषयक पुस्तकों का और रंगमंच पर महत्वपूर्ण पुस्तकों के अंग्रेज़ी से हिन्दी अनुवादों का प्रकाशन करता है। इस कार्यक्रम के नियमित प्रकाशन रंगप्रसंग, राजभाषा मंजूषा और थिएटर इंडिया हैं।

रंग प्रसंग

हिन्दी की त्रैमासिक पत्रिका **रंग-प्रसंग** को प्रकाशित करने की शुरुआत वर्ष 1998 से हुई। इसका प्रत्येक अंक मुख्यत: रंगमंच गतिविधियों के किसी एक क्षेत्र विशेष पर समर्पित रहता है। इसके अतिरिक्त इसमें रंगमंच और नाट्य कलाओं की विभिन्न तकनीकों पर नाटक और आलेख भी प्रकाशित किए जाते हैं।

राजभाषा मंजूषा

(हिन्दी पत्रिका-अर्द्धवार्षिक)

हमारे गणतंत्र की स्वर्ण जयंती मनाने के लिए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ने कुछ नए कार्यक्रम शुरू किए। हिन्दी में 'राजभाषा मंजूषा' नाम से एक नई पत्रिका का प्रकाशन उन्हीं में से एक है। इस पत्रिका का प्रवेशांक सितंबर, 1999 में प्रकाशित हुआ। पत्रिका का उद्देश्य राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी में कामकाज करने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें साहित्य सृजन की प्रेरणा देना है।

थिएटर इंडिया

(अंग्रेज़ी पत्रिका-अर्द्धवार्षिक)

वर्ष 1999 में प्रारंभ हुई **थिएटर इंडिया** विद्यालय की अर्द्धवार्षिक अंग्रेज़ी पत्रिका है जो भारत की मौजूदा सांस्कृतिक और रंगमंचीय परंपराओं को व्यापक परिप्रेक्ष्य प्रदान करती है। इसका उद्देश्य रंगमंच प्रेमियों को भाषा, क्षेत्र और संस्कृति की बाधाओं को मिटाकर कला के असंख्य रूपों से अवगत करवाना है। इस पत्रिका के माध्यम से विद्यालय भिन्न-भिन्न भाषाओं की पृष्ठभूमि के पाठकों के बीच दूरी पाटने का प्रयास करता है। थिएटर इंडिया पत्रिका, शुल्क द्वारा प्राप्त की जा सकती है।

2018-19 के दौरान, प्रकाशन कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नांकित प्रकाशन प्रकाशित किए गए

क्रम सं.	दिनांक	विवरण	संख्या
1.	28.05.2018	रंग प्रसंग अंक - 50	1100
2.	29.05.2018	विजय तेंदुलकर मराठी थियेटर (अंग्रेज़ी)	600
3.	02.07.2018	विवरणिका वाराणसी	300
4.	02.08.2018	राजभाषा मंजूषा - 21	1000
5.	22.10.2018	रंग प्रसंग 38-39	1100
6.	15.01.2019	वार्षिक प्रतिवेदन 2017-2018 (अंग्रेज़ी एवं हिन्दी)	500

रा.ना.वि. ने अपने बाह्य पहुँच कार्यक्रम के समेकन के अंतर्गत चार केन्द्रों की स्थापना की जो निम्न प्रकार से है :

- **बैंगलुरु (कर्नाटक)**
- **गंगटोक (सिक्किम)**
- **अगरतला (त्रिपुरा)**
- **वाराणसी (उत्तर प्रदेश)**

रा.ना.वि. बैंगलुरु केन्द्र

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली ने अपनी रंगमंच गतिविधियों का विस्तार किया जब इसने वर्ष 1994 की शुरूआत में बैंगलूरु ने क्षेत्रीय संसाधन केन्द्र स्थापित किया। उस समय से अब तक बैंगलूरु केन्द्र 'अभिनय में एक वर्षीय गहन पाठ्यक्रम' के चौथे संस्करण के पूर्ण कर एक पूर्ण रूप से समग्र केन्द्र के रूप में विकसित हुआ है। बैंगलुरु केन्द्र ने रंगकर्मियों के लाभ के लिए वर्ष 2014 से अभिनय में एक वर्षीय पाठ्यक्रम आरंभ किया है।

रा.ना.वि. बेंगलुरु केन्द्र ने अपने छात्रों को अभिनय कौशल की एक अलग ही किस्म की शैली में प्रशिक्षण देने को महत्व दिया है। बेंगलुरु केन्द्र का पाठ्यक्रम दक्षिण भारत के उत्तम पारंपरिक एवं लोक कला रूपों से निकाली गई अभिनय पद्धतियों द्वारा अभिनय की भारतीय पद्धति को विकसित करने के प्रयास का परिणाम है जो कि पूर्ण एवं बहुमुखी प्रतिभाशाली कलाकारों को तैयार करने के लिए प्रयासरत है। इसके पाठ्यक्रम के माध्यम से दक्षिण भारत की सशक्त प्रदर्शनकारी कलाएं जिनका नाट्यशास्त्र में उल्लेख किया गया है, में से अभिनय के तत्व को निकाला गया है और अभिनय की अत्यंत अनूठी पद्धति का प्रयोग कर आधुनिक कलाकार को तैयार करने में इसका प्रयोग किया गया है। इस तरह बेंगलुरु केन्द्र ने शिक्षण की एक अलग-सी व अनूठी शैली विकसित की है जो कि अपने दिल्ली के मुख्य संस्थान के पाठ्यक्रम से व्यापक स्तर पर भिन्न है।

जैसा कि रानावि बेंगलुरु केन्द्र अपने मुख्य स्थान रानावि, नई दिल्ली की तर्ज पर आधारित है, बेंगलुरु केन्द्र के कार्यक्रम पारम्परिक दक्षिण भारत में लोककला, रंगमंच और रंगमंच प्रशिक्षण पर भी विशेषकर केन्द्रित है। वर्तमान में रानावि बेंगलुरु केन्द्र द्वारा प्रदत्त एक वर्षीय गहन पाठ्यक्रम, ऐसे छात्र जो अपने कौशल को परिष्कृत करना चाहते हैं, उनको एक बृहत मंच प्रदान करता है।

वर्ष 2018-19 में रानावि गतिविधि के एक भाग के रूप में स्थानों के इतिहास को जानने के लिए केन्द्र निदेशक के मार्गदर्शन के अंतर्गत केन्द्र ने बैंगलूरु, जनपदा लोखा, रिवानाशिद्देश्वरा हिल, अट्टाकलारी एवं बैंगलूरु के विभिन्न रंगमंच भवनों का दौरा किया।

नियमित गतिविधियों के अतिरिक्त, केन्द्र ने निम्न नाटक तैयार किए :

रंग-संगीत - 25 सितंबर से 5 अक्तूबर 2018

नाडोजा श्रीमती सुब्राद्रामा मंसूर, जानी-मानी पेशेवर रंगमंच व्यक्तित्व और उत्कृष्ट गायिका ने रंगमंच संगीत की बारीकियों को पढ़ाने के लिए 15 दिनों के लिए छात्रों को प्रशिक्षण दिया। 15 अक्तूबर 2018 को जनता के लिए शो प्रस्तुत किया गया जिसमें सभी दर्शक आमंत्रित थे। छात्रों ने भी अनूठे प्रकार के गीतों की प्रस्तुति देकर सक्रिय रूप से प्रतिभागिता की। श्री गुडिहल्ली नागराज, प्रख्यात पत्रकार ने गीतों के बारे में इनकी खूबसूरती साझा की।

चित्रपट रामायण - एक यक्षगान शानदार प्रस्तुति - 22 और 23 अक्तूबर 2018

कला प्रस्तुति के एक भाग के रूप में बैगलूरु केन्द्र ने छात्रों के लिए यक्षगान का आयोजन किया। यक्षगान कर्नाटक का लोक रंगमंच रूप है। निष्ठावान और ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्तकर्ता डॉ. के शिवराम कारंथ ने इस कला में अपना योगदान दिया है। डॉ. बन्नान्जे संजीव सुर्वणा ने श्री होसाथोटा मंजूनाथ भगवत द्वारा लिखित यक्षगान नाटक 'चित्रपट रामायण' का निर्देशन किया।

कुट्टिअट्टम कक्षाएं : 4-21 नवंबर, 2018

प्रख्यात कुट्टिअट्टम कलाकार श्री जी. वेणु ने संस्कृत रंगमंच रूप 'कुट्टिअट्टम' का प्रशिक्षण दिया। श्री वेणु ने शरीर और मस्तिष्क के माध्यम के साथ गहरी भावनाओं को अभिव्यक्त करने के पहलूओं पर कार्य किया। उन्होंने 'नवरस साधना' पर भी गहनता से कार्य किया। श्री सूरज और श्री हरिहरण ने इस प्रक्रिया में सहयोग दिया।

श्री के. जी. कृष्णमूर्ती और श्री सी. वासवालिंगैयाह द्वारा अभिनय कक्षाएं

अभिनय में कौशल का विस्तृत रूप जिसमें पूर्ण विकसित कल्पनाएं, भावनाएं, दैहिक अभिव्यक्ति, गायन प्रक्षेपण भाषा की स्पष्टता और नाटक की व्याख्या करने की योग्यताएं शामिल हैं। अभिनय में संवादों, उच्चारण, तत्कालिक प्रक्रिया, चीजों को ध्यान से देखना और अनुकरण, मूकाभिनय और मंच पर सहज होने की योग्यता की भी मांग होती है। इन कौशलों को विकसित

करने के लिए बहुत से अभिनेताओं को विस्तृत रूप से विशेष कार्यक्रमों या कॉलेजों में प्रशिक्षित किया जाता है या बहुत संख्या में पेशेवर अभिनेता इस विस्तृत प्रशिक्षण के लिए जाते हैं। अभिनेता और अभिनेत्री के पास प्राय: बहुत से प्रशिक्षक और शिक्षक रहते हैं जिसमें गायन, दृश्यबंध कैमरा के लिए ऑडिशन तकनीकी और अभिनय का पूर्ण प्रशिक्षण दिया जाता है।

श्री के. जी. कृष्णामूर्ती, वरिष्ठ रंगकर्मी और अभिनय एवं रंगमंच कौशल में श्रद्धेय शिक्षक छात्रों को रंगमंच की विभिन्न बारीकियों के बारे में सिखाते हैं। पद्धति आधारित अभिनय पर विशेष जोर दिया जाता है। 20 दिवसीय कक्षा ने छात्रों के बीच आत्मविश्वास जगाया और एक साथ रहने का वातारण बनाया और पर्यावरण के अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहित किया।

कुसुमाबाले नाट्य प्रस्तुति अभ्यास 12, 13 जनवरी एवं 15 फरवरी से 30 मार्च 2019

नाट्य पाठन और पात्रों को उनकी भूमिका के अनुसार ढालकर दृश्यों को ब्लॉक करने पर ध्यान दिया गया। निदेशक श्री सी. वासवालिंगैयाह ने छात्रों की गहरी इच्छाओं और भावनाओं को बाहर निकालकर उनमें पात्रों को विकसित करने के लिए गहनता से कार्य किया। गहनता और महत्व भाषा के साथ दोगुनी हो गई। अभिनेताओं को नंजनागुडु और चामराजनगर (मैसूर राज्य का भाग) के भागों में प्रचलित और श्री देवानोरू महादेव द्वारा लिखित विशेष खिचड़ी भाषा बोलनी थी। बेहद कुशल और पेशेवर कलाकारों संगीत, मंच व परिकल्पना, वेशभूषा एवं मंच सामग्री के लिए इस प्रस्तुति के लिए एक साथ मिलकर काम किया।

उच्च श्रेणी के कुशल एवं पेशेवर कलाकारों ने मिलकर संगीत, मंच, परिकल्पना, वेशभूषा और मंच सामग्री के लिए काम किया।

सिक्किम रंगमंच प्रशिक्षण केन्द्र, गंगटोक

सिक्किम रंगमंच प्रशिक्षण केन्द्र, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का पहला केन्द्र है जो गंगटोक की हरी-भरी मनोहर वादियों में स्थापित किया गया। यह अभिनय में एकवर्षीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम प्रदान करता है। केन्द्र 16 कलाकारों का एक रंगमंडल चलाता है, जो बहु संख्या में जनता के लिए नाटक तैयार करता है और उनको सिक्किम और उत्तर-पूर्व के अन्य राज्यों और देश के अन्य राज्यों में प्रस्तुत करता है।

केन्द्र जोशीले व्यक्तियों को अभिनय से लेकर रंगमंच के विभिन्न पहलुओं में एक वर्षीय प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम प्रदान करता है। एक कठिन चयन प्रक्रिया के माध्यम से प्रतिवर्ष 20 छात्रों को चुना जाता है। यह एक आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है। प्रख्यात रंगमंच निर्देशक यहाँ शिक्षण संकाय है।

पहला मोड्यूल अभिनेताओं/प्रतिभागियों के प्रशिक्षण और उन्हें तैयार करने पर केन्द्रित है। इस गहन चरण में योग, गति, वाक एवं संभाषण, संगीत और अभिनय के विभिन्न तरीके और साथ ही दृश्यबंध (वास्तविक और भौतिक रंगमंच) शामिल है।

दूसरा मोड्यूल तकनीकी प्रशिक्षण पर केन्द्रित है जिसमें दृश्यबंध परिकल्पना, प्रकाश व्यवस्था, वस्त्रसज्जा, रूप-सज्जा, रंगमंच शिल्प, शरीर संचालन, फर्श पर की जाने वाली गतिविधि (एक्रोबैट्स, एरियल), दैहिक अभिनय, आलेख लेखन, अभिनय, रंगमंच संगीत, मंच सामग्री और मुखौटा बनाने और अन्य पहलुओं के साथ ही एक प्रस्तुति तैयार करना भी शामिल है।

तीसरे मोड्यूल में प्रतिभागियों ने देश के कई स्थानों पर पेशेवर प्रस्तुति का दौरा कर इसका अनुभव लेना है। यह दौरा प्रतिभागियों को विभिन्न संस्कृतियों, लोगों और क्षेत्र से परिचय करवाने के लिए उनको पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाने के लिए रखा गया है।

सिक्किम केन्द्र 16 कलाकारों का एक रंगमंडल भी चला रहा है जो प्रख्यात रंगमंच निर्देशकों की प्रस्तुतियों को प्रदर्शित करता है और नाटकों को बड़ी संख्या में दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। रंगमंडल उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विभिन्न राज्यों में दौरे कर अपनी गुणवत्तापूर्ण प्रस्तुतियों को मंचित करता है।

सिक्किम केन्द्र सिक्किम के चारों जिलों में रंगमंच के विभिन्न पहलुओं पर 15 से 45 दिनों की अवधि की रंगमंच कार्यशालाएं संचालित करता है। ये कार्यशालाएं उस क्षेत्र के रंगमंच जोशीलों को प्रशिक्षित करती है जिससे वे रंगमंच और अभिव्यक्ति के अन्य माध्यमों में अपना कैरियर बनाने में तैयार हो सकें।

सिक्किम केन्द्र सिक्किम में रंगमंच उत्सव का भी आयोजन करता है। जिसमें उत्तर-पूर्व राज्यों से अन्य रंगमंडलियां अपनी प्रस्तु. तियों के साथ प्रतिभागिता करती है। उत्तर-पूर्व राज्य की इन प्रस्तुतियों को देश के अन्य राज्यों में इन राज्यों के रंगमंच कलारूपों को प्रदर्शित करने के लिए केन्द्र दौरे करता है।

नियमित गतिविधियों के अतिरिक्त केन्द्र की अन्य गतिविधियाँ निम्न प्रकार से हैं :

अप्रैल 2018

केन्द्र के प्रतिभागियों की **योग कक्षाएं,** रंजना मंगेर द्वारा बिक्रम लेप्चा द्वारा अभिनय कक्षाएं, मंच परिकल्पना और मॉडल मैि. कंग उत्पल कुमार झा द्वारा ली गई। रंगमंडल ने 3 अप्रैल, 2018 को 8वें थियेटर ओलम्पिक्स में 'अब और नहीं' नामक नाटक मंचित किया।

मई 2018

बिक्रम लेप्चा द्वारा केन्द्र के प्रतिभागियों की अभिनय कक्षाएं आयोजित की गई। 2017-18 के बैच के छात्रों की अंतिम प्रस्तुति

का आरंभ 'यू टू विक्रांत...' नामक नाटक से आरंभ हुआ जो कि श्री बिनोद शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया था और यह नाटक शेक्सपीयर के नाटक जूलियस सीज़र से प्रेरित था।

जून 2018

2018-19 बैच के नाट्यकला में एक वर्षीय आवासीय प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम के साक्षात्कार गुवाहाटी में 11 जून को और गंगटोक में 13 जून को संचालित किये गये। बिनोद शर्मा द्वारा निर्देशित नाटक 'यू टू विक्रांत...' जो कि शेक्सपीयर के नाटक जूलियस सीजर से प्रेरित है, का मंचन मानन केन्द्र में 15 जून, 2018 को किया गया।

जुलाई 2018

बिपिन कुमार द्वारा निर्देशित तीन कहानियों से प्रेरित नाटक 'द जर्नी' का रंगमंडल द्वारा स्टूडियो थियेटर में सायं 5.30 बजे 14 और 15 जुलाई को मंचन किया गया। केन्द्र के प्रतिभागियों की योग कक्षाएं रंजना मंगेर द्वारा, लापचेन लेप्चा द्वारा गति संचालन और शुभादीप गुहा द्वारा रंगमंच संगीत पर कक्षाएं ली गई। रंगमंडल की नई प्रस्तुति की संदीप भट्टाचार्य द्वारा निर्देशित 'सुंताला को बगान' नामक नाटक से शुरूआत हुई।

अगस्त 2018

केन्द्र के प्रतिभागियों की योग कक्षाएं रंजना मंगेर द्वारा लापचेन लेप्चा और जोय मिताई द्वारा गति संचालन की कक्षाएं ली गई। शुभादीप गुहा द्वारा रंगमंच संगीत, गोगेबाम तुषार पाण्डे और बिपिन कुमार द्वारा अभिनय की कक्षाएं ली गई। वरिष्ठ लिपिक का साक्षात्कार रानावि, एस टी टी सी में 30 अगस्त को आयोजित हुआ। रंगमंडल ने 'सुंतला को बगान' नामक नाटक जो कि संदीप भट्टाचार्य द्वारा निर्देशित है, का मंचन 31 अगस्त और 1 सितंबर 2018 को सायं 5.30 बजे मनन केन्द्र में किया।

सितंबर 2018

केन्द्र के प्रतिभागियों की गति संचालन की कक्षाएं सुदिप्ता कुंडु द्वारा, तुषार पाण्डे, मृदुल बरूआ और बिपिन कुमार द्वारा अभिनय कक्षाएं, मोनालिसा चटर्जी द्वारा पश्चिमी एवं एशियन रंगमंच इतिहास पर कक्षाएं ली गई। रंगमंडल की नाट्यलेख पठन की कक्षाएं बिपिन कुमार द्वारा ली गई।

अक्तूबर 2018

केन्द्र के प्रतिभागियों की पश्चिमी एवं एशियन रंगमंच इतिहास की कक्षाएं मोनालिसा चटर्जी द्वारा, संगीता गुंडेचा द्वारा शास्त्रीय भारतीय नाटक और बिपिन कुमार द्वारा अभिनय की कक्षएं संचालित की गई। रंगमंडल की नाट्यलेखपठन की कक्षाएं बिपिन कुमार द्वारा ली गई।

नवंबर 2018

छात्रों का शैक्षिक अवकाश 15 अक्तूबर से 10 नवंबर तक रहा। केन्द्र प्रतिभागियों की आधुनिक भारतीय नाटक की कक्षाएं आसिफ अली हैदर खान द्वारा, वंदना वरिष्ठ द्वारा आधुनिक वास्तविकता मूल पाठ (मार्डन रियालिसिटक टैक्स्ट) का दृश्यबंध और बिपिन कुमार (कैंप निर्देशक) द्वारा अभिनय पर कक्षाएं ली गई। रंगमंडल ने लामपुर, बीरभुन में 18-20 नवंबर तक ज्ञान मंच में 'हमी नई आफई ऑफ' नामक नाटक का मंचन किया। 23 नवंबर को रंगमंडल ने बरहामपोर में 'सुंताला को बगान' नामक नाटक का मंचन किया।

दिसंबर 2018

19 दिसंबर, 2018 को रंगमंडल ने नंदीकर उत्सव में 'माया मेघ' नाटक का मंचन किया। केन्द्र के प्रतिभागियों ने 'मालविका अग्निमित्रम' नाटक की अपनी पहली प्रस्तुति का 30 और 31 दिसंबर को रानावि एस टी टी सी में मंचन किया।

जनवरी 2019

केन्द्र के प्रतिभागियों ने 'छाउ' पारंपरिक रूप को सीखने के लिए सरायकेला का दौरा किया। रंगमंडल ने 14 जनवरी को अग. रतला में 'माया मेघ' नामक नाटक का मंचन किया। रंगमंडल ने भारत रंग महोत्सव, दिल्ली के लिए माया मेघ नामक नाटक का पूर्वाभ्यास किया।

फ़रवरी 2019

केन्द्र के प्रतिभागियों की शास्त्रीय भारतीय नाटक की कक्षाएं प्रो. कीर्ति जैन द्वारा, प्रो. सतीश आलेकर द्वारा नाट्यलेख शिल्प और विश्लेषण, एच. टी. टोम्बा द्वारा दैहिक संचालन के साथ वाक् की कक्षाएं ली गई। रंगमंडल ने भारंगम, दिल्ली में 18 फरवरी को 'माया मेघ' नाटक मंचित किया।

मार्च 2019

केन्द्र के प्रतिभागियों की वाक् और भाषण पर अमित बनर्जी द्वारा कक्षाएं, मंच परिकल्पना और मॉडल मेकिंग श्री श्याम कुमार साहनी द्वारा, स्नेहा कुमार द्वारा वस्त्र परिकल्पना, शिल्पिका बोरदोलोई द्वारा दैहिक संचालन और ओअसिस सौगैजाम द्वारा प्रस्तुति प्रक्रिया पर कक्षाएं ली गई।

थिएटर-इन-एजुकेशन स्कंध, त्रिपुरा

ऐसे रंगमंच से जुड़े व्यक्तित्व जो रंगमंच की पद्धतियों में पूर्णत: निपुण हैं और बच्चों के मनोविज्ञान की जिनको गहरी समझ है और साथ ही बाल रंगमंच क्षेत्र में पेशेवर के रूप में कार्य करने की जिनकी गहरी रुचि है, को बाल रंगमंच में प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से थिएटर-इन-एजुकेशन (टी.आई.ई) शाखा, त्रिपुरा में स्थापित की गई। इसका उद्घाटन त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा 9 अगस्त, 2012 को किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक वर्ष की अवधि का है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफलता से पूर्ण होने पर थिएटर-इन-एजुकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया जाता है। पूर्ण पाठ्यक्रम दो सत्रों का है।

केन्द्र की गतिविधियाँ निम्न हैं :

अप्रैल से जुलाई, 2018 तक संचालित कक्षाएं :

कक्षाएं	-	विशेषज्ञ का नाम
प्रकाश परिकल्पना	-	श्री लोयंटंगबम परिंगन्बा
पपेटरी	-	श्री प्रभितान्गशु दास
टी आई ई	-	श्री बिजय कुमार सिंह
मैजिक	-	श्री बिजोय आचर्यजी
ऑब्जेक्ट थियेटर	-	सुश्री छोयती घोष
बच्चों के साथ कार्यशाला संचालन सीखाने पर कक्षाएं	-	श्री मनीष सैनी एवं श्री दीपेन्द्र राउत
	-	श्री दीपेन्द्र राउत
योग एवं अभिनय	-	श्री विक्रम सिंह राठौर
शिक्षण अभ्यास	-	श्री विजय कुमार सिंह
पैडागोगी ऑफ थियेटर और अनुप्रयुक्त रंगमंच पर सेमिनार	-	श्री विजय कुमार सिंह
ग्रिप्स थियेटर एवं नाट्य लेखन	-	श्री श्रीरंग गोडबोले एवं विभावरी देशपांडे
आधुनिक भारतीय नाटक	-	प्रो. कीर्ति जैन

प्रदर्शन :

- 14 अप्रैल, 2018 को छात्रों द्वारा मंच प्रकाश व्यवस्था पर प्रदर्शन का संचालन।
- 20 अप्रैल, 2018 को छात्रों द्वारा पपेट (कठपुतली) पर प्रदर्शन का संचालन।
- 28 अप्रैल, 2018 को छात्रों द्वारा मैजिक (जादू) पर प्रदर्शन का संचालन।

नुक्कड़ नाटक :

- रानावि, त्रिपुरा केन्द्र ने 'औरत' और 'समाचार' नामक नुक्कड़ नाटक का प्रसिद्ध नाटककार, अभिनेता, निर्देशक, गीतकार एवं सिद्धान्तकार स्व. सफदर हाशमी की वर्षगांठ के अवसर पर अगरतला में पैराडाइज, चाउमुहानी, अगरतला में संचालित किया। ये नाटक टाई स्नातकों द्वारा प्रस्तुत किए गए।

ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 2018

- राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, (टाई कंपनी) त्रिपुरा ने 15 मई से 22 जून 2018 तक अगरतला में बच्चों के साथ ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाल का आयोजन किया जिसमें 200 बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला टाई छात्रों के पथप्रदर्शक जैसे मनीष सैनी, श्री दीपेन्द्र राव और श्री मनोज भाटिया के पर्यवेक्षण के अंतर्गत संचालित की गई। रंगमंच कार्यशाला का समापन अगरतला टाउन हाल में 14 से 16 जून 2018 को हुआ जिसमें बच्चों ने विभिन्न नाटक जैसे नन्हा परिंदा, यही है दोस्ती, परीक्षा, सैल्फी, ड्रीमलैंड, द किंग ऑफ अवधपुर, वाथेर उपोर ताक, रियो की इस अवसर के दौरान प्रस्तुति दी।
- त्रिपुरा केन्द्र ने मणिपुर में 30 जून 2018 तक अमरापुर, गोमती त्रिपुरा में 26 अप्रैल से 16 मई 2018 तक बेलोनिया दक्षिण त्रिपुरा में 29 अप्रैल से 29 मई 2018 तक, दीमापुर, नागालैंड में 16 जुलाई से 5 अगस्त 2018 तक और बारपेटा, असम में 1 से 31 जुलाई 2018 तक भी ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशालाओं का आयोजन किया।

21 जून 2018 को चौथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन :

- रानावि त्रिपुरा केन्द्र में 21 जून 2018 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया गया। योग सत्र प्रातः 7.00 बजे से प्रातः 9.30 बजे तक श्री विक्रम सिंह राठौर (योग प्रशिक्षक) द्वारा संचालित किया गया। छात्र, स्टाफ और स्थानीय लोगों के लिए प्रातः 10.00 बजे से सायं 7.00 बजे तक परिसर के अंदर श्री विक्रम द्वारा समग्र स्वास्थ्य के लिए थेरेपी पर पर निःशुल्क योग कैंप भी आयोजित किया गया।

प्रतिभागिता नाट्य प्रस्तुति :

- टाई छात्रों ने रानावि परिसर के बच्चों के लिए श्री विजय कुमार सिंह द्वारा निर्देशित प्रतिभागिता नाटक 'फेयर आर फाउल' नाटक की प्रस्तुति 1 और 3 मई 2018 को रानावि कैम्पस में, अमरापुर न्यू टाउन हॉल में 4 मई 2018 को, मुक्तधारा सभागार, अगरतला में 5 मई और 5 जुलाई 2018 को (कुल 5 शो की प्रस्तुति) दी। प्रस्तुतियाँ सफलतापूर्वक मंचित की गई और अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित बच्चों ने खुले दिल से प्रस्तुतियों की प्रशंसा की।

एक वर्षीय टाई पाठ्यक्रम 2018-19 में प्रवेश के लिए नए अभ्यर्थियों का चयन

- रानावि त्रिपुरा केन्द्र ने शैक्षिक वर्ष 2018-19 के लिए एक वर्षीय टाई पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश के लिए 66 आवेदन प्राप्त किए जिसमें 54 अभ्यर्थी अंतिम कार्यशाला/साक्षात्कार के लिए चुने गए। कार्यशाला/साक्षात्कार 8 जुलाई 2018 को रानावि, त्रिपुरा केन्द्र में और 14 जुलाई 2018 को एन इ जैड सी सी, शिल्पग्राम, गुवाहाटी, असम में संचालित किए गए। शैक्षिक सत्र 2018-19 के लिए 31 जुलाई, 2018 को त्रिपुरा केन्द्र में टाई पाठ्यक्रम के लिए कुल 20 छात्र (13 पुरुष एवं 7 महिला) चुने गए।

अगस्त 2018 से मार्च 2019 तक आयोजित कक्षाएं : -

कक्षाएं	-	**विशेषज्ञ का नाम**
दैहिक संचालन पर कक्षाएं	-	श्री गौरव हजारिका
नाट्य लेख पाठन	-	सुश्री बबीता पाण्डे
डाई एंड टाई	-	श्री बिजय कुमार सिंह
शिल्प निमार्ण और संचालन	-	श्री जदुमणि सिंह
चित्रकारी	-	श्री बिश्वजीत देब और श्री अमित मोदक

थियेटर गेम्स	–	श्री जयंत डे और मनोजीत देबरॉय
भारतीय और विश्व नाटक	–	श्री देवेन्द्र राज अंकुर
भारतीय कला और संस्कृति	–	प्रो. विजय कुमार एल धारूरकर
योग	–	श्री विक्रम सिंह राठौर
बाल विकास	–	सुश्री डिंपल रंगीला
अभिनय/दैहिक संचालन	–	श्री एच. तोम्बा सिंह
बाल विकास (यौनावस्था)	–	सुश्री निकिता अग्रवाल
संगीत संयोजन और ध्वनि रिकॉर्डिंग	–	श्री हुइदरोम अनिल कुमार
नृत्यनाटिका	–	श्री किशोर शर्मा
वस्त्र विन्यास	–	सुश्री बबीता देशपांडे
बच्चों के साथ रंगमंच	–	श्री वाल्टर पीटर
बच्चों के लिए अभिनय	–	श्री मंडार कुलकर्णी
ग्रिप्स नाट्यलेखन	–	श्री श्रीरंग गोडबोले एवं सुश्री विभावरी देश पाण्डे
